**सुविचार**
संसार का सबसे सुरक्षित बीमा है परमात्मा पर भरोसा बस याद रखें और अच्छे कर्मों की किश्त समय से भरते रहें।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
एक्टिंग के साथ-साथ फिल्में प्रोड्यूस करने की तैयारी...

Ranchi ● Friday, 16 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 150 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,917.63 |
| निफ्टी | : | 18,688.10 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,625 |
| चांदी | : | 77.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### पुंछ की नियंत्रण रेखा के पास आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**POONCH :** पुंछ जिले की में नियंत्रण रेखा के पास सेना ने एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद व अन्य सामान बरामद किया है। सेना की सरला बटालियन ने पुंछ में अग्रिम इलाकों में एक तलाशी अभियान चलाया, जिस दौरान एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। यहां से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया, जिसमें एक एके-74, नौ मैगजीन 468 राउंड (स्टील कोर और सामान्य राउंड का मिश्रण), दो 7.62 एमएम पिस्टल, चार मैगजीन, साठ राउंड, छह हरा (4 नीला, 2 हरा रंग), 2 सीडीओ खंजर, दो बैग, दो पाउच, साइट पर एक खोदने वाला फावड़ा, एक तार कटर और एक पुल थ्रु है। बरामद किए गए अन्य उपकरणों में एक स्मार्टफोन, एक गार्मिन एट्रेक्स 22एक्स, बैग के साथ एक थौराया सोलर चार्जर, चार्जिंग केबल के साथ एक पावर बैंक, चार एए बैटरी शामिल हैं।

### टाना भगत 28 जून को मोरहाबादी में करेंगे सत्याग्रह

**RANCHI :** टाना भगत अपनी मांगों को लेकर 28 जून को मोरहाबादी मैदान में सत्याग्रह करेंगे। केडी गुरू ने कहा कि 28 जून को मोरहाबादी के बापू वाटिका के सामने हजारों टाना भगत सत्याग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश अधिकारियों की नीतियों और शोषण के खिलाफ टाना भगतों ने अहिंसात्मक आंदोलन किया था। लेकिन स्वाधीन भारत में आज भी टाना भगत अपने अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने बताया कि 10 अक्टूबर 2022 को लातेहार में प्रदर्शन के दौरान टाना भगतों पर दर्ज मुकदमा को वापस लेने ,टाना भगतों को सरकार द्वारा साबरमती आश्रम पोरबंदर तक भ्रमण कराया जाए, ताकि गांधी विचारधारा को बल मिले और टाना भगत औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र केएनके एरिया डकरा को पुनः चालू कराया जाए सहित अन्य मांगें शामिल हैं।


### 30 वकीलों का प्रोविजनल चेंबर अलॉटमेंट रद

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में चेंबर लेने के लिए दिए गए आवेदन एक बार फिर रद कर दिए गए हैं। जिन लोगों का आवेदन रद किया गया है, उसकी सूची भी जारी कर दी गई है। अधिवक्ताओं की औपबंधिक अलॉटमेंट को रिजेक्ट करने के पीछे की वजह यह बताई गई है कि औपबंधिक अलॉटमेंट के बाद जरूरी अर्हताएं पूरी नहीं की गई हैं। जिन वकीलों का औपबंधिक आवंटन रद हुआ है, उनमें अधिवक्ता कल्याण रॉय, अरविंद कुमार सिंह, राजीव कुमार, मंजुला उपाध्याय, मो मोख्तार खान, प्रदीप मोदी, चतुर प्रसाद सिंह, संध्या सहाय, रितेश कुमार बॉबी, जयश्री अखौरी, राजकुमार प्रसाद, देवानंद कुमार, प्रशांत कुमार, राजीव रंजन मिश्रा, नंद किशोर राम, अशोक कुमार राय, दीनदयाल साहा, राकेश कुमार शाही, रत्नेश कुमार, भरत कुमार, शिप्रा शालिनी, राहुल कुमार, पवन रंजन खत्री, राम कुमार कटारिया, अनादि ब्रह्म, रोहित सिन्हा, विजोय कुमार सिन्हा, शंकर लाल गंझू, अखौरी अंजनी कुमार, प्रवीण जायसवाल, रूपेश कुमार, अजय शंकर, संजय कुमार ठाकुर, हामिद रजा, हरेंद्र कुमार सिंह और राकेश कुमार का नाम शामिल है।

# आ गया चक्रवात BIPERJOY

## सौराष्ट्र-कच्छ तट से टकराया, तेज हवाओं के साथ भारी बारिश

**AGENCY GUJARAT :** चक्रवात बिपरजॉय का गुजरात के तट पर लैंडफॉल शुरू हो गया है। तूफान के सौराष्ट्र और कच्छ के तट से टकराने के साथ ही हवा की रफ्तार 125 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई है। मौसम विभाग ने लैंडफाल की पूरी तीव्रता रात में करीब 8 से 10 बजे के बीच रहने का अनुमान जताया था। इस दौरान हवा की रफ्तार 150 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि तूफान का लैंडफॉल आधी रात तक जारी रहेगा। कच्छ और सौराष्ट्र के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। कई इलाकों में पेड़ और खंभे गिरने लगे हैं। 94 हजार से ज्यादा लोगों को तटीय इलाकों से रेस्क्यू किया गया है।


गुजरात के तट पर चक्रवात का नजारा ● एजेंसी

कोस्ट गार्ड ने 15 जहाज और 7 एयरक्राफ्ट तैयार रखे हैं। एनडीआरएफ की 27 टीमें भी तैनात की गई हैं।

**25 साल में जून में गुजरात से टकराने वाला पहला तूफान**

बिपरजॉय पिछले 25 साल में जून महीने में गुजरात के तट से टकराने वाला पहला तूफान होगा। इससे पहले 9 जून 1998 को एक तूफान गुजरात के तट से टकराया था। तब पोरबंदर के पास 166 प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली थी। बीते 58 साल की बात करें तो 1965 से 2022 के बीच अरब सागर के ऊपर से 13 चक्रवात उठे। इनमें से दो गुजरात के तट से टकराए। एक महाराष्ट्र, एक पाकिस्तान, तीन ओमान-यमन और छह समुद्र के ऊपर कमजोर पड़ गए।

# करें आदेश का पालन या 29 को सशरीर हाजिर हों TRANSPORT SECRETARY : HC

**PHOTON NEWS RANCHI :** एकीकृत बिहार में ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन में काम किए कर्मियों की ओर से झारखंड में समायोजित कर पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ देने के मामले में दायर राजेश्वर पाठक एवं अन्य की अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में परिवहन सचिव को निर्देश दिया है कि कोर्ट के आदेश के आलोक में कर्मियों को पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करें अन्यथा अगली सुनवाई 19 जून को कोर्ट में सशरीर उपस्थित हो। दरअसल, मामले में राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। जिसमें सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार ने 4 माह में ट्रांसपोर्ट



विभाग के इन कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ भुगतान देने की बात कही थी। लेकिन अब तक कर्मियों को न तो पेंशन का भुगतान हुआ है और ना ही उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ मिल सका है। साथ ही उनका सर्विस बुक भी तैयार नहीं हुआ है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि प्रार्थी सेवानिवृत्त कर्मियों को समायोजित कर उनके सर्विस बुक रिकॉर्ड तैयार कर सभी को विधि सम्मत पेंशन व सेवानिवृत्ति लाभ दिया जाए। बता दें कि प्रार्थी बिहार राज्य ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन में कर्मी थे। झारखंड गठन के बाद कैडर डिवीजन में इनका समायोजन झारखंड में हुआ था।

### राज्य सरकार ने विधायक इरफान अंसारी के मामले में जवाब के लिए मांगा समय

झारखंड हाई कोर्ट नवनीत कुमार की कोर्ट में गुरुवार को एक पीड़ित बच्ची को अस्पताल में देखने जाने के बाद बच्ची का फोटो वायरल होने से उसकी पहचान उजागर होने संबंधित एक मामले में विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार ने प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। कोर्ट ने विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ दिए गए अंतरिम राहत को जारी रखा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता इरफान अंसारी को अंतरिम राहत देते हुए उनके खिलाफ मामले से संबंधित दुमका के एमपी/ एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगाई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राहुल कमलेश ने पैरवी की। इस मामले में दुमका की निचली अदालत ने इरफान अंसारी के खिलाफ मामले में संज्ञान लिया था। साथ ही उनके खिलाफ नवंबर 2022 में आरोप गठित किया था, जिसे याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मामले को लेकर इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में कांड संख्या 175 / 2018 दर्ज किया गया था।

# लोगों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

## विधि-व्यवस्था पर हेमंत सोरेन ने की उच्च स्तरीय बैठक

सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य में विधि-व्यवस्था को लेकर गुरुवार को डीसी, एसएसपी और एसपी के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। सीएम ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उग्रवाद पर नियंत्रण झारखंड की बेहतर पुलिसिंग का परिणाम है। आप राज्य सरकार के अहम अंग हैं। इस राज्य को बेहतर तरीके से चलाने की अहम जिम्मेदारी आप पर है। ऐसे में आपकी सूझबूझ, आपकी कार्यशैली, आपका सूचना तंत्र, आपकी क्रिएटिविटी और आपकी सतर्कता से विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण संभव है। सीएम ने कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस लिए हर जरूरी कदम उठाएं जाएंगे। उन्होंने उग्रवाद-अपराध, अवैध खनन व मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण सहित विधि व्यवस्था से जुड़े अन्य मामलों की समीक्षा के क्रम में कई अहम निर्देश भी दिये।


विधि-व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते सीएम व अन्य

**बैठक में मुख्यमंत्री के बोल**

- पुलिस और जनता का रिश्ता जितना मजबूत होगा, विधि-व्यवस्था संधारण में उतनी ही सहूलियत होगी
- कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए जो भी संसाधन और जरूरतें होंगी उसे पूरा करेंगे
- उग्रवाद पर नियंत्रण झारखंड की बेहतर पुलिसिंग का परिणाम

### चुनौतियों का आकलन करते हुए बनाएं एक्शन प्लान

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध के चेहरे हर दिन बदल रहे हैं। नई चुनौतियां आपके सामने आ रही है। इतना ही नहीं भविष्य में भी कई नई चुनौतियां आपके सामने आएगी। ऐसे में वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति अभी से बनाना शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि कभी झारखंड देश के सबसे उग्रवाद प्रभावित राज्यों में जाना जाता था। लेकिन, आज स्थिति इसके विपरीत है। राज्य में उग्रवाद का लगभग सफाया हो चुका है। यह हमारी सबसे बड़ी जीत है और यह हमारी बेहतर पुलिसिंग का ही नतीजा है। पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि उग्रवाद से निपटने में झारखंड की पुलिस देश की सबसे बेहतर पुलिस के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है। अब सोसाइटी को भी सुरक्षित रखने में आपको ऐसी ही जिम्मेदारी निभानी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। इस सिलसिले में असामाजिक तत्वों का डेटाबेस भी तैयार किया जाना चाहिए, ताकि राज्य के किसी भी हिस्से में अगर किसी वजह से तनाव की स्थिति बनती हो, तो इसे नियंत्रित करने के लिए असामाजिक तत्वों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई हो सके।

### बंगाल में पंचायत चुनाव पर हाईकोर्ट ने ममता सरकार को चेताया

**KOLKAT :** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव नामांकन के दौरान राज्य भर में हो रही हिंसा की घटनाओं को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार और चुनाव आयोग को चेतावनी दी है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम ने स्पष्ट कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा, तो पूरे राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती के निर्देश दिए जायेंगे। पंचायत चुनाव को लेकर कोर्ट के आदेश का अनुपालन भी नहीं हो रहा है। ऐसी घटनाओं को देखकर न्यायालय खामोश दर्शक नहीं बन सकता है। दरअसल, कलकत्ता हाईकोर्ट ने दो दिन पहले अपने फैसले में कहा था कि राज्य में सात संवेदनशील जिलों में केंद्रीय बलों की तैनाती होगी। नामांकन दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय सीमा देने का निर्णय लेने के लिए चुनाव आयोग स्वतंत्र है। इसी पर पुनर्विचार के लिए राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने याचिका लगाई थी। सुनवाई करते हुए गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि कोर्ट के आदेश के अनुपालन में कानूनी लूप होल मत ढूंढिए। कल्याण बनर्जी ने सुनवाई के दौरान कहा कि कोर्ट ने सात संवेदनशील जिलों में केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्देश दिया है।

# मणिपुर में कर्फ्यू का भी असर नहीं, जलाए घर

## सुरक्षाबलों से प्रदर्शनकारियों की भिड़ंत, कई घायल

**AGENCY IMPHAL :** मणिपुर की राजधानी इंफाल के न्यू चेकॉन इलाके में गुरुवार को फिर हिंसा भड़क गई। कर्फ्यू के बावजूद कुछ घरों में आग लगा दी गई। प्रदर्शनकारी सुरक्षाबलों से भिड़ गए। इसमें कुछ लोग घायल हुए हैं। आरएएफ ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े।

**बुधवार रात महिला मंत्री के बंगले में आग लगाई थी**

इंफाल के लाम्फेल इलाके में बुधवार रात उद्योग मंत्री नेमचा किपजेन के सरकारी बंगले में आग लगा दी गई थी। किपजेन उस समय घर पर नहीं थीं। हालांकि फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। किपजेन भाजपा के सात कुकी विधायकों में से एक हैं और राज्य की एकमात्र महिला मंत्री हैं। किपजेन उन 10 कुकी विधायकों में शामिल हैं जिन्होंने अलग प्रशासन की मांग की है। इसके पहले मैतेई बहुल कांगपोकी जिले में मंगलवार रात हुए हमले में 9 लोगों की जान चली गई थी। 10 लोग घायल हुए थे।

### ट्राइबल फोरम ने मांगी सेना की सुरक्षा, सुप्रीम कोर्ट से गुहार

**NEW DELHI :** मणिपुर ट्राइबल फोरम ने सुप्रीम कोर्ट से भारतीय सेना की सुरक्षा मुहैया कराने की गुहार लगाई है। फोरम ने गुरुवार को मणिपुर में हाल ही में भड़की हिंसा के मामले में सर्वोच्च अदालत से कहा है कि केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से झूठे आश्वासन दिए गए हैं। फोरम की ओर से दी गई अर्जी में कहा गया है कि मणिपुर की जनजातियों को राज्य सरकार और उसकी पुलिस पर भरोसा नहीं है। फोरम ने हिंसा प्रभावित इलाके चुराचनपुर, चंदेल, कांगपोकपी, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों में कानून-व्यवस्था में सुधार और स्थिति पर नियंत्रण करने के लिए भारतीय सेना के जवानों की तैनाती की मांग की है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, मणिपुर ट्राइबल फोरम ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अजय लांबा के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से गठित जांच आयोग पर भरोसा नहीं जताया है। फोरम ने सर्वोच्च अदालत से केंद्र सरकार की ओर से गठित आयोग को भंग करने की भी मांग की है।

# PLFI के नाम पर मांगी लेवी, तीन आरोपी धराए

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** पुलिस ने पश्चिमी सिंहभूम के आनंदपुर प्रखंड में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के नाम पर संवेदकों से लेवी की मांग करने वाले तीन आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रोबकेरा का मधुसूदन सिंह उर्फ छोटे, कांडी का रोशन भुइयां व बिरसा भुइयां शामिल हैं। इनके पास से चार देसी कट्टा, एक सिंगल बैरल बंदूक, दो बाइक, एक स्कूटी, गोली रखने वाला पाउच, चितकबरा पेंट, मोबाइल, पीएलएफआई का चंदा रसीद आदि बरामद हुआ है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इंस्पेक्टर फागु होरो ने गुरुवार को बताया कि आनंदपुर पुलिस व सीआरपीएफ 193 बटालियन ने हंसाबेड़ा में अभियान चलाया। इस दौरान दो बाइक पर तीन दो युवक आ रहे थे। पुलिस द्वारा उन्हें रोका गया। इस दौरान मौका पाकर एक युवक भाग निकला।

### रांची के अग्रवाल बंधु हत्याकांड में फैसला 26 जून को

**RANCHI :** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत में गुरुवार को बहुचर्चित अग्रवाल बंधु दोहरे हत्याकांड की सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत ने मामले में 26 जून को फैसला की तिथि निर्धारित की है। मामले में लोकेश कुमार चौधरी, धमेन्द्र तिवारी, रवि शंकर लाल और सुनील सिंह ट्रायल फेस कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छह मार्च, 2019 को अशोकनगर के एक निजी न्यूज चैनल के दफ्तर में दो भाईयों हेमंत अग्रवाल और महेन्द्र अग्रवाल की हत्या हुई थी। पैसे के विवाद को लेकर दोनों भाईयों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

# अमेरिका से PREDATOR ड्रोन सौदे को मंजूरी

## पीएम मोदी की 21-24 जून तक की राजकीय यात्रा के दौरान होगी डील

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले ही रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को अमेरिका से 31 प्रीडेटर (एमक्यू-9 रीपर) ड्रोन हासिल करने के सौदे को मंजूरी दे दी, जिसके लिए अंतिम फैसला सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) करेगी। यह डील भारत और अमेरिका के रिश्तों में एक मील का पत्थर होगी। इस सौदे की घोषणा पीएम मोदी की इसी माह अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान की जा सकती है। दरअसल, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और निगरानी को बढ़ावा देने के लिए सेना, नौसेना और वायुसेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जताई है। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर चीन के खिलाफ घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी। इसी क्रम में प्रीडेटर ड्रोन के सौदे को आज रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में मंजूरी दे दी गई।


### एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की खासियत

एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को सैन डिएगो स्थित जनरल एटॉमिक्स ने बनाया, जो लगातार 48 घंटे उड़ सकता है। यह 6,000 समुद्री मील से अधिक दूरी तक लगभग 1,700 किलोग्राम (3,700 पाउंड) का पेलोड ले जा सकता है। यह नौ हार्ड-पॉइंट्स के साथ आता है, जो हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के अलावा सेंसर और लेजर-निर्देशित बम ले जाने में सक्षम है, जिसमें अधिकतम दो टन का पेलोड है। हथियारबंद ड्रोन से भारतीय सेना उस तरह के मिशन को अंजाम दे सकती है, जिस तरह का ऑपरेशन नाटो बलों ने अफगानिस्तान में किया था। इसका इस्तेमाल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकाने पर रिमोट कंट्रोल ऑपरेशन, सर्जिकल स्ट्राइक और हिमालय की सीमाओं पर लक्ष्य को टारगेट बनाने में किया जा सकता है।

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लौहनगरी स्थित बिजनेस स्कूल का बजा डंका, उच्चतम स्तर पांच को किया प्राप्त

# पॉजिटिव इंपैक्ट रैंकिंग में XLRI जमशेदपुर सर्वश्रेष्ठ

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिजनेस स्कूलों की होने वाली पॉजिटिव इंपैक्ट रैंकिंग में इस बार एक्सएलआरआइ को पायनियरिंग स्कूल केटेगरी में सर्वश्रेष्ठ बिजनेस स्कूलों का खिताब दिया गया है। उच्चतम स्तर 5 को प्राप्त करने वाले बी-स्कूलों में एक्सएलआरआइ के अलावा छह अन्य बिजनेस स्कूलों को भी यह स्थान मिला है। जिसमें एशिया के छह जबकि साउथ एशिया के एक बिजनेस स्कूल को शामिल किया गया है। पॉजिटिव इंपैक्ट रेटिंग 2023 रिपोर्ट को न्यूयॉर्क में पॉजिटिव इंपैक्ट रेटिंग एसोसिएशन के प्रो. थॉमस डायलिक और ओइकोस इंटरनेशनल के



उपाध्यक्ष सह पीआईआर बोर्ड के सदस्य लॉरिएन डिट्रिच ने पीआरएमइ ग्लोबल फोरम में लांच किया गया। इस वर्ष 25 देशों के 71 बिजनेस स्कूलों ने इसमें हिस्सा लिया।

एक्सएलआरआइ ने लगातार चौथे वर्ष पॉजिटिव इंपैक्ट रेटिंग में भाग लिया। एक्सएलआरआइ को वर्ष 2020 में लेवल 3 में जबकि उसके बाद से लगातार अब तक लेवल 5 में उच्चतम स्थान हासिल हुआ है। ओइकोस इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष और पीआईआर बोर्ड के सदस्य लॉरिएन डिट्रिच ने कहा कि हमें छात्रों को उन दक्षताओं के साथ तैयार करने की आवश्यकता है जो उन्हें व्यवसाय, समाज और विश्व को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए सशक्त बनाती हैं।

### रेटिंग के दौरान विद्यार्थियों से पूछे गये थे 20 सवाल

रेटिंग सर्वेक्षण ने छात्रों से सात प्रासंगिक प्रभाव आयामों में 20 प्रश्न पूछे गये थे। जिसमें स्कूल का शासन और संस्कृति; अध्ययन कार्यक्रम, सीखने के तरीके और छात्र सहायता, एक रोल मॉडल और इसके सार्वजनिक जुड़ाव के रूप में संस्था समेत अन्य बिंदुओं पर जानकारी हासिल की गयी थी। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये सवालों के आधार पर बिजनेस स्कूल के समग्र पीआईआर स्कोर का उपयोग स्कूलों को पांच स्तरों पर स्थापित करने के लिए किया जाता है, जिसमें एक्सएलआरआई ने पीआईआर के उच्चतम स्तर को श्पायनियरिंग स्कूलश् के रूप में हासिल किया। इस रेटिंग में मुख्य रूप से बिजनेस स्कूलों में सामाजिक चुनौतियों से निबटने के साथ ही वैश्विक स्तर पर सतत विकास को लेकर क्या प्रयास किये जा रहे हैं, उस पर बिजनेस स्कूल को विभिन्न कसौटियों पर परखा गया।

“एक्सएलआरआई में हम हमेशा मानवता की भलाई के साथ एक स्थायी भविष्य बनाने की दिशा में अपने छात्रों के प्रयासों और योगदान को महत्व देते हैं। हमें खुशी हुई जब 2021, 2022 के बाद 2023 में भी एक्सएलआरआई को उच्चतम पीआईआर रेटिंग यानी लेवल 5 से सम्मानित किया गया। इस साल एक्सएलआरआइ अपनी स्थापना के 75 साल पूरे रहा है। एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों का विजन है कि वे वैश्विक स्तर पर अपने अच्छे कार्यों के जरिये ऐसी दुनिया का निर्माण करें जो हर मामले में खुशहाल हो।

**फादर एस जार्ज**
**एसजे, निदेशक, एक्सएलआरआइ।**

### मिथिलेश केरकेट्टा बने रांची के डीएसई व डीईओ

**RANCHI :** गढ़वा के जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिलेश केरकेट्टा को जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बनाया गया है। उन्हें अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में पदस्थापित किया गया है। श्री केरकेट्टा अपने कार्यो के अतिरिक्त अगले आदेश तक जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। जिला शिक्षा अधीक्षक रांची के पद पर रहे आकाश कुमार को स्थानान्तरित करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा के पद पर अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में पदस्थापित किया गया है। श्री कुमार अपने कार्यो के अतिरिक्त अगले आदेश तक जिला शिक्षा पदाधिकारी, गढ़वा के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। झारखंड सरकार ने नेहा अरोड़ा को प्राथमिक शिक्षा निदेशक बनाया है।

# PM MODI की दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते हर क्षेत्र में बढ़ी विकास की रफ्तार : वसुंधराराजे

**PHOTON NEWS GIRIDIH**

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधराराजे सिंधिया ने कहा कि मनुष्य में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो असंभव कार्य भी संभव होते हैं। पीएम मोदी का नौ सालों का कार्यकाल इसका जीता जागता प्रमाण है। उन्होंने कहा की पीएम मोदी के कार्यकाल में 140 करोड़ जनता की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनायी गईं, जिसका लाभ देश के हर वर्ग और समुदाय के लोगों को बिना भेदभाव के मिला।



गिरिडीह में आयोजित प्रेस वार्ता में वसुंधराराजे सिंधिया व अन्य नेता। ● द फोटोन न्यूज

भाजपा नेता गुरुवार को गिरिडीह में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस को जनता ने कई बार मौके दिये। दस-दस सालों तक एक प्रधानमंत्री रहे लेकिन इच्छा शक्ति के अभाव में देश में विकास कछुए की चाल से होता रहा जबकि पीएम मोदी की सरकार में पिछले नौ सालों में हर क्षेत्र में कल्पना से परे विकास की रफ्तार बड़ी है। ताजा आंकड़े इसके गवाह हैं।

सिंधिया ने कहा कि 2014 के पहले देश के 39 फीसदी घरों में शौचालय थे, अब लगभग सौ फीसदी घरों में है। 2014 के पहले 13 करोड़ परिवारों के पास घरेलू कनेक्शन थे, अब 31 करोड़ परिवारों के पास है। इसी प्रकार 641 मेडिकल कॉलेज थे, अभी 1341 हैं। नौ साल पहले 390 विश्वविद्यालय थे, जिनकी संख्या बढ़कर 723 हो गई है। 2014 के पूर्व देश भर में ग्रामीण सड़क संपर्क मात्र 55 प्रतिशत था, अभी 99 प्रतिशत के आसपास है।

उन्होंने कहा कि केवल पांच शहरों में मेट्रो रेल हुआ करती थी, आज 20 शहरों में चल रही है। इसी प्रकार 74 हवाई अड्डे थे, जिनकी संख्या बढ़कर 148 हो गई है। ग्रामीण विकास की चर्चा करते हुए कहा कि 2014 में केवल 70 पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर सुविधा थी जो बढ़कर दो लाख से अधिक हो गई है। वसुंधरा राजे ने कहा कि कोरोना महामारी के समय पूरा विश्व के लोग भविष्य को लेकर चिंतित थे। ऐसे समय में पीएम मोदी ने अपने देश के अलावा पूरी दुनिया की चिंता मिटाकर उन्हें सुरक्षित किया। यही कारण है कि पूरे विश्व की निगाहें भारत पर हैं। यह दृढ़ इच्छाशक्ति का ही परिणाम है।

उन्होंने कहा कि देश की जनता ने तीन दशक बाद केन्द्र में गैर कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई, जिसका लाभ देशभर में हर क्षेत्र में सभी वर्गों को मिला। झारखंड की चर्चा करने हुए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा शुरू से ही विकास को ध्यान में रखकर छोटे राज्यों की पक्षधर रही है। यही कारण था की अटल के कार्यकाल में झारखंड समेत तीन राज्य अस्तित्व में आए थे। इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए पीएम मोदी की सरकार ने गिरिडीह सहित झारखंड के 19 पिछड़े जिलों को आकांक्षी जिलों में सूचीबद्ध किया ताकि विकास की विशेष राशि सीधे जिलों को प्राप्त हो सके।

पत्रकार वार्ता में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश संगठन के राकेश प्रसाद, विधायक केदार हाजरा,पूर्व विधायक निर्भय शाहावादी, जिला प्रमुख महादेव दूबे, महामंत्री संदीप डंगइच, जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव समेत बड़ी संख्या

## हमें किसी भी कार्य को निश्चित समय सीमा में करने का प्रयत्न करना चाहिए : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

**PHOTON NEWS RANCHI**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमें किसी भी कार्य को निश्चित समय सीमा में करने का प्रयत्न करना चाहिए। वे गुरुवार को राजभवन में झारखंड लोक सेवा आयोग के प्रथम सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के परीक्ष्यमान पदाधिकारियों से संवाद कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आप लोग विभिन्न सेवाओं से आये हैं, आपको अपने रिजल्ट के लिए लम्बे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। मैं आपकी पीड़ा को समझ सकता हूं। हमें किसी भी कार्य को निश्चित समय सीमा में करने का प्रयत्न करना चाहिए। साथ ही कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से भेंट के क्रम में न्यायालय में लंबित वादों का शीघ्र निबटारा करने पर भी चर्चा हुई है।


पदाधिकारियों से संवाद करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन। ● द फोटोन न्यूज

राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आप सभी जनसेवा के लिए तत्पर रहें। लोगों को आप सबसे बहुत अपेक्षाएं रहती हैं। आपको क्षेत्र में जाकर वास्तविक व जमीनी हकीकत से अवगत होना होगा। आपकी इस कार्यप्रणाली से लोगों को उनका यथोचित लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि वे अल्पावधि में सड़क मार्ग से 16 जिलों का दौरा कर चुके हैं। सड़क मार्ग से दौरा करने से जमीनी हकीकत का पता चलता है।

उन्होंने कहा कि विगत दिनों लातेहार, पलामू एवं गढ़वा जिला के भ्रमण के दौरान पीवीटीजी से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उसके निराकरण के लिए पहल की गई। पलामू जिला में पानी की समस्या को दूर करने के लिए सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई एवं लंबित योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में पहल करने के लिए निर्देश भी दिया गया।

राज्यपाल ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण घर बैठे नहीं किया जा सकता है। प्रशिक्षु अधिकारियों की नियुक्ति क्षेत्रीय कार्यालयों में होगी। आशा है कि नियुक्ति के पश्चात आप अपने क्षेत्रों और वहां की समस्याओं के संदर्भ में अच्छी तरह जानकर उसे दूर करने की दिशा में कार्य करेंगे। विगत 18 वर्षों की पीड़ा को भूल कर समाज की सेवा में अपना योगदान दें।

इस दौरान राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, मुकेश कुमार, मीणा सहित परीक्ष्यमान पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दुमका से लंबी दूरी की ट्रेन का परिचालन सुनिश्चित करवाने का प्रयास जारीः सांसद

**PHOTON NEWS DUMKA**

भाजपा महा जनसंपर्क अभियान के तहत गुरुवार को सांसद सुनील सोरेन ने परिसदन में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान सांसद ने केंद्र सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों के साथ चार वर्षो में दुमका संसदीय क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का ब्यौरा रखा।


सांसद ने कहा कि दुमका जिला सहित संसदीय क्षेत्र रेल के मामले में काफी पिछड़ा हुआ था। आज संसदीय क्षेत्र में दुमका सहित 3 रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। कई ट्रेनों का ठहराव उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र के स्टेशनों पर करवाया। दुमका से लंबी दूरी की ट्रेन का परिचालन सुनिश्चित करवाने का प्रयास जारी है। इसके अलावा ग्रामीण सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण के साथ शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम हुआ है। दुमका में एयरपोर्ट बनकर तैयार है। लाइसेंस मिलते ही यहां से विमान सेवा शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कोई भी योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण सहित अनेक योजनाओं का लाभ काफी संख्या में लाभुकों को मिला है।

महा जनसंपर्क अभियान के तहत कल संयुक्त मोर्चा के सम्मेलन अग्रसेन भवन में होगा। 21 जून को योग दिवस पर कार्यक्रम निर्धारित है। इसके अलावा बलिदान दिवस पर कार्यक्रम के साथ साथ बुद्धिजीवियों के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन होना है। 20 जून से 30 जून तक पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल से मिस कॉल करवाएंगे।

## भ्रष्टाचार के नाम पर झारखंड को बदनाम करने की साजिश : अनीता

**PHOTON NEWS RANCHI**

राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के नाम पर झारखंड को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन भाजपा नेताओं को झारखंड में रहने में शर्म आ रही है, वह जल्द से जल्द झारखंड छोड़ दें। वे गुरुवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थीं।



मीडिया को जानकारी देती राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव। ● द फोटोन न्यूज

अनीता ने कहा कि भाजपा ने कर्नाटक चुनाव के पहले साजिश की लेकिन कर्नाटक में बुरी तरह पराजित होने के बाद भी भाजपा नेताओं को शर्म नहीं आ रही। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है वहां ईडी और सीबीआई के लगातार छापे डाले जा रहे हैं लेकिन सारे घोटाले भाजपा शासित राज्य में हो रहे हैं। गुजरात में मोरबी का ब्रिज गिरने से सैकड़ों लोगों की जान गई। यूपी और गुजरात में कई निमार्णाधीन ब्रिज गिर गए। इस भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री और भाजपा की नजर नहीं जाती? अदानी पोर्ट पर करोड़ों का ड्रग्स पकड़ा गया लेकिन प्रधानमंत्री सहित भाजपा नेताओं को शर्म नहीं आई?

उन्होंने कहा कि देश का नाम रोशन करने वाली बेटियां 100 दिन तक जंतर मंतर पर धरना देती रहीं। अपनी इज्जत की दुहाई देती रहीं। इंसाफ मांगती रहीं लेकिन एफआईआर तक नहीं किया गया जब तक कि कोर्ट ने हस्तक्षेप नहीं किया। इस पर भाजपा वालों को शर्म नहीं आई? उन्होंने कहा कि वंशवाद की बात करने वाले पहले अपने यहां बृजभूषण सिंह के परिवार और सिंधिया परिवार जैसे सैकड़ों भाजपा नेताओं के वंशवाद को खत्म करें तब विपक्षी दलों पर यह आरोप लगाए।

## कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने झारखंड सरकार से की अल्पसंख्यक आयोग के गठन की मांग

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव अब्दुल वाहिद खान ने झारखंड सरकार से अल्पसंख्यक आयोग के गठन की मांग की है।

गुरुवार को रांची में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए खान ने कहा कि चार वर्ष बीत गए लेकिन अबतक अल्पसंख्यक आयोग का गठन नहीं हुआ। झारखंड में अल्पसंख्यक आयोग गठन होने से केवल मुस्लिम समाज ही नहीं बल्कि सिख, ईसाई जैन के अलावा जो भी अल्पसंख्यक समाज में आते हैं, सब को फायदा होगा।


अब्दुल वाहिद खान व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज में गरीब लोगों की संख्या काफी है। अगर यह आयोग गठन हो जाता है तो हर लोगों को फायदा होगा। झारखंड में अल्पसंख्यक आयोग स्थापना अतिआवश्यक है। राज्य में अल्पसंख्यकों के लिए आयोग की स्थापना करने से न केवल उनके अधिकारों की सुरक्षा होगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित होगा कि उनकी आवाज और मांगें सरकारी नीतियों में शामिल होती रहें। अल्पसंख्यक आयोग एक समावेशी दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। समाज की गरीब, पिछड़े और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए संघर्ष कर सकता है।

### पलामू सांसद ने गिनाई केन्द्र सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियां, कहा-

## बगैर नौकरी दिए रजहरा कोयला खदान से नहीं शुरू होगा उत्पादन

**PHOTON NEWS PALAMU**

केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा इसे सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित बताया जा रहा है और गांव गांव पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को मेदिनीनगर के निजी होटल में पत्रकारों से बात करते हुए पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने वर्ष 2014 से अबतक केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया।


पत्रकारों से बात करते पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व अन्य नेता। ● द फोटोन न्यूज

बताते चलें कि बीजेपी केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर 30 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार युक्त यूपीए सरकार साशन में थी. देश में घोटाले पर घोटाले हो रहे थे। सरकार की पॉलिसी पैरालिसिस की स्थिति में थी। आज देश स्कैम से निकलकर स्कीम पर पहुंच गया है। एनडीए गठबंधन की सरकार में जनकल्याण से लेकर देश के आर्थिक विकास से जुड़ी योजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं। देश की पॉलिसी नई उंचाइयों को छू रही है। दमदार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार गतिशील है। परिणाम स्वरूप आज देश दुनिया में ब्राइट स्पॉट बन चुका है, जो कांग्रेस के साशनकाल में ब्लैक स्पॉट था।

सांसद विष्णु दयाल राम ने सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड (सीसीएल) के प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि बगैर नौकरी दिए पलामू जिला में रजहरा कोयला खदान को चालू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रजहरा कोयला खदान में उत्पादन इसलिए शुरू नहीं है कि गांववासियों की अधिग्रहित जमीन के बदले मुआवजा में उन्हें अबतक नौकरी नहीं मिली है। सांसद ने कहा कि उनके अथक प्रयास से बंद पडी इस बंद पडी खदान को पुनः चालु करने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति मिल गयी है, लेकिन प्रबंधन ने खनन के लिए भूमि के बदले जमीन मालिकों को अथवा उनके उत्तराधिकारी को वायदे के मुताबिक नौकरी नहीं दी है और इस कारण उत्पादन शुरू नहीं हो सका है, जबकि उत्पादन पुनः शुरू करने के सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है।

सीसीएल के तहत आने वाली रजहरा कोयला खदान पिछले 20 वर्षों से बंद है। बंद होने की वजह खनन से पैदा हुए क्षेत्र में पानी के जमा होना था, जिसे सांसद ने विशेष पहल कर पानी को केन्द्रीय सरकार के सहयोग से निकालने में प्रबंधन को सहयोग की है। इस खदान को एशिया में अव्वल कोयला उत्पादन के रुप में जाना जाता है। इसके उत्पादित कोयला की मांग जापान, जर्मनी और चीन में है। पूर्व में यह खदान विदेशों में कोयला निर्यात करती रही है।

सांसद ने मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डे के बारे में जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि इसे विस्तारित करने के लिए भारत सरकार ने झारखंड सरकार को 83 करोड रुपये दिये हैं, ताकि इसे आवागमन के योग्य बनाया जा सके। फिलहाल अभी जितने क्षेत्र में चियांकी हवाई अड्डा है, वह नागरिक उड्डयन के लिए पर्याप्त नहीं है। इसलिए निकटवर्ती जमीन को अधिग्रहण किया जाना है और राज्य सरकार इस मामले में कोई सहयोग नहीं कर रही है।

सांसद ने कहा कि झारखंड के मंत्री मिथिलेश ठाकुर केन्द्र सरकार की योजनाओं को भी अपनी योजना में शामिल कर आंकड़े 400 पार करके दिखाते हैं। जनता सब जानती है, कहां क्या हो रहा है और कौन कर रहा है। ऐसा करने से मंत्री मजाक के पात्र बनते हैं। उन्होंने बताया कि कल के समाचार पत्रों में मंत्री में उनकी ओर से स्वीकृति कई योजनाओं को अपनी उपलब्धि में दिखाई है।

सांसद ने यह भी कहा कि बहु प्रतिक्षित उतर कोयल परियोजना (मंडल डैम) की कंपनसेशन राशि अगले 15 से 20 दिनों वितरित कर दी जायेगी. इसके बाद यहां निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि मुआवजा राशि का वितरण नहीं होने के कारण निर्माण शुरू होने में वक्त लगा।

सांसद ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पलामू और गढ़वा जिले में 20-20 मेगावाट की सोलर बिजली प्लांट लगनी थी, इसके लिए 100 एकड़ जमीन जिला प्रशासन को मुहैया करानी थी, लेकिन राज्य सरकारी की उदासीनता के कारण आज तक जमीन नहीं मिली। नतीजा सोलर प्लांट का मामला लटका हुआ है। इस भीषण गर्मी में बिजली संकट पर सांसद ने राज्य सरकार की सुस्त एवं उदासीनता रवैया करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की सक्रियता नहीं रहने के कारण बिजली कटौती हो रही है। दरअसल, झारखंड सरकार नेशल ग्रिड को पैसे नहीं दे रही है। नतीजा 66 से 86 मेगावाट की जगह 30 से 35 मेगावाट बिजली आपूर्ति हो रही है।

इस मौके पर भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, विधायक आलोक चौरसिया, महा जनसंपर्क अभियान के विभाकर नारायण पांडे, अविनाश वर्मा, प्रफुल्ल सिंह, शिवकुमार मिश्रा, विजय ओझा, सोमेश सिंह, सुनील पासवान एवं वरीय नेता परशुराम ओझा व विपिन सिंह मौजूद थे।

## BRIEF NEWS

### मैनपावर आउटसोर्स लूट का ही एक तरीका : भानू प्रताप शाही

**RANCHI :** विधायक और पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही ने गुरुवार को कहा कि मैनपावर आउटसोर्स लूट का ही एक तरीका है। राज्य में यह एक नए कोढ़ के तौर पर शुरू हुआ है। इस मामले में सरकार को संज्ञान लेते हुए जांच करनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील करते कहा है कि अगर आउट सोर्स मैन पॉवर कंपनी की सही से जांच होने से केवल अधिकारी ही नहीं, कई मंत्री भी जेल में होंगे। भानू ने कहा कि मैन पावर आउट सोर्स के जरिये शिक्षित बेरोजगार युवकों का शोषण होता है। बिना सरकारी बहाली के काम करवाने का नया फॉमूर्ला सरकार और अधिकारी मिल कर निकाल रहे हैं। एक साल के कॉन्ट्रैक्ट पर युवक-युवतियों से पैसा ठग कर बाहर की कंपनी मनमाने ढंग से आज झारखंड के हर विभाग में कार्यरत और काबिज हो गयी है। भानू प्रताप शाही ने इस मसले पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से भी जांच और दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### नया भारत बनाने के लिए तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार : दीपक प्रकाश

**RANCHI :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को मांडर में विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सर्व स्पर्शी सर्व व्यापी विकास को तेजी से धरातल पर उतारा है। गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित शोषित वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। प्रकाश ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति, किसान, युवा, महिला, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग मोर्चा सभी के लिए उपलब्धियों का अंबार है। हम घर-घर हर दरवाजे तक उसे लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि जनधन योजना हो, प्रधानमंत्री आवास हो, आयुष्मान योजना हो, मुफ्त अनाज वितरण योजना हो, उज्जवला योजना हो, किसान सम्मान निधि हो, पेंशन योजना हो सभी योजनाओं में विभिन्न मोर्चों से जुड़े क्षेत्र के लोग करोड़ों की संख्या में लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी जरूरतमंदों तक पहुंचाने की हर संभव कोशिश केंद्र सरकार ने की है। उन्होंने कहा एक तरफ देश में विकास की गति तेज हुई है साथ ही पूरे दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश का सांस्कृतिक गौरव महिमा मंडित हुआ है। उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत, स्वावलंबी भारत, विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए 2024 में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। झारखंड की जनता प्रदेश से 14 लोकसभा में भाजपा को जीत दिलाने के लिए संकल्पित है।

### सांसद निशिकांत दुबे की पीआईएल पर हाइकोर्ट ने सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**RANCHI :** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा देवघर में क्यू कॉम्पलेक्स निर्माण कराने के आग्रह को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान निशिकांत दुबे के अधिवक्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि क्यू कॉम्पलेक्स निर्माण में केंद्र सरकार ने अपने हिस्से का काम कर दिया है. अब राज्य सरकार को अपना काम करना है, लेकिन राज्य सरकार अपने हिस्से का काम नहीं करा रही है. गुरुवार को चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने इसपर सुनवाई की. इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई छह जुलाई को निर्धारित की है. साथ ही सरकार को प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है. वहीँ सरकार की ओर से यह बताया गया कि क्यू कॉम्पलेक्स का निर्माण करने वाली कंपनी से सरकार ने यह बताने को कहा है कि वो क्या-क्या काम कराना चाहती है, लेकिन कंपनी ने अब तक सरकार के पत्र का जवाब नहीं दिया है. कंपनी से जवाब मिलने के बाद सरकार इस पर निर्णय लेगी.

### अर्जुन मुंडा ने गिनाईं केंद्र सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियां

**KHUNTI :** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को आधार बनाकर केंद्र सरकार ने नौ वर्षों में जो काम किए हैं वे अभूतपूर्व है। विकासवाद को महत्व देने और नई कार्य संस्कृति को विकसित करने के कारण ही सभी वर्ग के लोगों में आज सकारात्मक बदलाव नजर आ रहा है। मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज शासन की सोच सत्ता के रूप में नहीं, बल्कि सेवा के रूप में परिवर्तित हो गई है। सबका साथ सबका विकास की भावना से काम कर रही सरकार ने सबको समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है। इन नौ वर्षों के दौरान सरकार ने लोक कल्याणकारी योजनाओं के तहत जन धन योजना में 46.25 करोड़ महिलाओं का बैंक में खाता खुलवा कर उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। साथ ही गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम कर रही है। इसी प्रकार किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है और उज्जवला योजना के तहत 9 करोड़ से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। साथ ही आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत भी करोड़ों लोगों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही केंद्र सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल के दौरान स्टार्टअप में 100 गुना से अधिक वृद्धि हुई है। सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों के कारण ही आज भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। अनुच्छेद 370 को समाप्त कर जम्मू कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाया गया। इसी प्रकार तीन तलाक, नागरिक संशोधन कानून बोड़ो समझौता आदि ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। देश की सीमाओं में रोड कनेक्टिविटी के साथ ही आधारभूत संरचनाओं का तेजी से निर्माण किया जा रहा है। इसी के तहत अटल टनल का निर्माण अंतिम चरण में है। जम्मू कश्मीर के ऊंचे पहाड़ पर भी रेलवे लाइन बिछाने का काम तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के कारण आज भ्रष्टाचार और आतंकवाद में कमी आई है। इस मौके पर जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह, पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय साहू, अनूप साहू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर आज पहुंचेंगे लखनऊ

**LUCKNOW :** देश के रक्षा मंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर 16 जून को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचेंगे। राजनाथ सिंह शुक्रवार को अपराह्न 4:20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से सीधे वह नदवा कॉलेज हसनगंज के लिए प्रस्थान करेंगे। नदवा विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मनकामेश्वर मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन करेंगे। इसके उपरांत शाम 6:20 बजे अटल कन्वेंशन सेंटर के निकट, चौक स्थित हनुमान मंदिर में भी दर्शन पूजन करेंगे। वहां से आवास 5-ए कालिदास मार्ग के लिए रवाना होंगें। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ आ रहे हैं। रक्षामंत्री शनिवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे सूर्या क्लब, कैंट में आत्मनिर्भर भारत पर आयोजित सेमिनार में शामिल होंगे। इसके उपरांत 5ए कालिदास मार्ग आवास पहुंचेंगे। अगले दिन 18 जून रविवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर के लिए रवाना होंगे। जहां ध्येय फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद पांच-ए कालिदास मार्ग आवास पर जाएंगे। अपराह्न चार बजे आईआईएम फ्लाई ओवर, मुंशी पुलिया फ्लाईओवर, खुर्रम नगर स्थित मुंशी पुलिया फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति देखेंगे। इसके उपरांत अपराह्न 5:00 बजे गोमती नगर रेलवे स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति को देखने जाएंगे। यहीं से सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। 5:30 बजे दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

BRIEF NEWS

## पति ने पत्नी का अश्लील फोटो किया पोस्ट, पुलिस ने भेजा जेल

**RANCHI :** पंडरा इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति सौरभ सिंह के खिलाफ मारपीट और इंटरनेट पर अश्लील फोटो अपलोड करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता ने अपने बयान में कहा है कि उसकी शादी प्रेम विवाह थी। शादी का एक साल होते ही आरोपित पति मारपीट करने लगा। पत्नी ने मारपीट का विरोध किया तो आरोपित ने मोबाइल से पत्नी का अश्लील फोटो लिया और इंटरनेट पर डाल दिया।

## बीमारी से परेशान विवाहिता ने की आत्महत्या

**RANCHI :** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित अलकपुरी इलाके में रहने वाली सुनीता देवी ने गुरूवार को फांसी के फंदे पर झुलकर खुदकशी कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजनों के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि सुनीता के शरीर में खून नहीं बन पा रहा था। उसका इलाज चल रहा था। हर माह उसे खून चढ़ाना पढ़ रहा था। इस बात को लेकर वह पिछले कई माह से परेशान थी। इस वजह से उसने अपनी जान दे दी। सुनीता के पति के बयान पर यूडी के तहत मामला दर्ज हुआ है। पुलिस का कहना है कि सुनीता मूल रूप से लातेहार की रहने वाली थी। वह सुखदेव नगर में अनिल कुमार अग्रवाल के घर में किराएदार के रूप में रहती थी।

## बुढ़मू से फरार आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**RANCHI :** बुढ़मू थाना पुलिस ने बुढ़मू चौक से फरार आरोपी वीरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि 18 नंवबर 2022 को बुढ़मू पुलिस ने मुरूपीरी में वीरेंद्र यादव के घर से अवैध कोयला जब्त किया था। मामले में कोल एक्ट की विभिन्न धाराओं के साथ मामला दर्ज किया था। तब से वह फरार चल रहा था। इसी दौरान बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरापी को गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## रांची में विशेष मध्यस्थता अभियान के तहत 14 मामले निष्पादित

**RANCHI :** रांची सिविल कोर्ट में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के चौथे दिन गुरुवार को फैमिली कोर्ट और विभिन्न न्यायालयों से 14 मामले निष्पादित किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने बताया कि विशेष मध्यस्थता अभियान के दौरान कुल 22 मामले मध्यस्थता केंद्र में भेजे गए थे। 22 मामलों में से 14 मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष-राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गए जबकि आठ मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत की संभावना को देखते हुए है अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित हैं। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुनर्स्थापना के मामले, दत्तक ग्रहण के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, घरेलू हिंसा अधिनियम के मामलों का निष्पादन आपसी सहमति से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन 42, दूसरे दिन 26 और तीसरे दिन 20 मामलों का निपटारा किया गया था।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# बाबा बैद्यनाथ मंदिर के निकट Q COMPLEX का मामला : नवयुग कंपनी लिमिटेड के साथ निर्माण के लिए होगा MOU, 120 CRORE देने का आग्रह

**PHOTON NEWS RANCHI :** देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के निकट क्यू कंपलेक्स के फेज दो का निर्माण को जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया गया। कोर्ट को बताया गया कि 26 मई को एक बैठक हुई थी। इसमें भवन निर्माण विभाग के सचिव, पर्यटन सचिव, पर्यटन निदेशक, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक एवं नवयुग कंपनी के प्रतिनिधि शामिल थे। इसमें तय हुआ कि क्यू कंपलेक्स निर्माण के लिए नवयुग कंपनी के साथ एमओयू साइन होगा। बताया गया कि 6 जून को टूरिज्म विभाग की ओर से नवयुग कंपनी को एक पत्र भेजा गया है जिसमें कंपनी से कुछ जानकारी मांगी गई थी, लेकिन कंपनी की ओर से अभी तक कोई जवाब पर्यटन विभाग को नहीं मिल सका है। पर्यटन विभाग ने नवयुग कंपनी से पूछा है कि वह किस एजेंसी से क्यू कांप्लेक्स का निर्माण कार्य पूरा कराएगी तथा उस एजेंसी का वर्क एक्सपीरियंस, पिछले कार्य का अनुभव का रिकॉर्ड भी मांगा गया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई निर्धारित की। साथ ही प्रार्थी को सरकार के जवाब पर अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता पार्थ जालान एवं शिवानी जालुका ने पैरवी की। वहीं राज्य सरकार की ओर से पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा था कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत क्यू कंपलेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने के आग्रह पर क्या निर्णय हुआ? इस पर राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने को कहा गया था।

बता दें कि सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू कंपलेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से अपने अंशदान के रूप में 25 करोड़ रुपए की राशि दे दी गई है। लेकिन राज्य सरकार की ओर से भी अपने हिस्से का फंड उपलब्ध नहीं कराया गया है। नवयुग कंपनी लिमिटेड ने सीएसआर स्कीम के तहत क्यू कंपलेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए अपने स्तर से 120 करोड़ देने को लेकर सरकार को पत्र लिखा है। नवयुग कंपनी के इस पत्र राज्य सरकार ने निर्णय नहीं लिया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि देवघर में बाबा मंदिर के निकट क्यू कंपलेक्स का निर्माण 3 फेज में किया जा रहा है।




### रतन हाइट्स मामले में फाइनल सुनवाई 22 को

रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में प्रतिवादियों (जमीन मालिक एवं बिल्डर वीकेएस रियलिटी) की ओर से बहस पूरी हो गयी। वहीं मामले में हस्तक्षेपकर्ता एवं रांची नगर निगम की ओर से भी बहस पूरी हो गयी। अब 22 जून को प्रतिवादियों की बहस के आलोक में प्रार्थी अपना प्रत्युत्तर देंगे। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने 46 कट्ठा पर बनाये जाने वाले जी प्लस 5 के भवन के निर्माण कार्य पर रोक जारी रखी है।

## HC का निर्देश, जब तक समरी लाल का केस लंबित तब तक आदेश पारित न करे कास्ट स्क्रूटनी कमिटी

झारखंड हाईकोर्ट ने कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र की जांच संबंधी प्रक्रिया को रोकने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि राज्य जाति छानबीन समिति कांके विधायक समरीलाल के मामले में अपनी जांच जारी रखेगी, लेकिन अंतिम आदेश पारित नहीं करेगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जून निर्धारित की है। समरी लाल की ओर से राज्य जाति छानबीन समिति की जांच प्रक्रिया को रोकने का आग्रह किया गया था। गुरुवार को राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार एवं सुरेश बैठा की अपील पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार और सुरेश बैठा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि समरी लाल मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं, उनके पूर्वज माइग्रेट होकर झारखंड आए हैं। बता दें कि पूर्व में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने समरी लाल से संबंधित चुनावी याचिका को स्वीकार करते हुए राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने को गलत करार दिया था। साथ ही राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को खारिज किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया था। जिसे सुरेश बैठा और राज्य सरकार ने

# पूरी तरह से मरम्मत के बाद ही खोली जाएगी लाइब्रेरी : कुलपति

## कुलपति ने इंजीनियर्स की टीम के साथ किया सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण

- इंजीनियरों ने निरीक्षण के बाद कहा- 1970 में आरयू को सौंपा गया था भवन, अब भी है काफी मजबूत हैं
- सेंट्रल लाइब्रेरी में आने वाले बच्चे पानी के लिए जाते हैं डीएसपीएमयू और अन्य जगह पर


सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा व अन्य

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने गुरुवार को लाइब्रेरी भवन का गहनता से निरीक्षण किया। कुलपति ने कहा कि अब सेंट्रल लाइब्रेरी पूरी तरह से मरम्मत के बाद ही खोला जायेगा। इस भवन का संपूर्ण जीर्णोद्धार किया जायेगा और सभी छज्जों को तोड़कर उन्हें पानी निकासी लायक बनाया जायेगा। सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने से सूखे पेड़ों को भी हटाया जायेगा। इस कार्य के लिये भवन निर्माण विभाग को एक पत्र भेज दिया गया है। साथ ही इससे संबंधित जानकारियों से राजभवन को भी अवगत कराया जा रहा है। बुधवार को रांची यूनिवर्सिटी सेंट्रल यूनिवर्सिटी में छत का छज्जा टूटकर गिरने से एक छात्र की जहां मौत हो गई वहीं हादसे के बाद आरयू प्रशासन हरकत में आ गया है। बुधवार की देर शाम एक नोटिस चस्पा कर जानकारी दी गई है कि सेंट्रल लाइब्रेरी में निर्माण कार्य शुरू है और तब तक नहीं खोला जाएगा जब तक कि निर्माण कार्य पूरा न हो जाए। आनन फानन ही सही लेकिन आरयू ने सेंट्रल लाइब्रेरी में मरम्मती कार्य को हरी झंडी दिखा दी है। इसे लेकर बाकायदा देर शाम एक नोटिस भी चस्पा किया गया। जिसमें स्पष्ट रुप से लिखा है कि 15 जून से लेकर आगामी तिथि तक लाइब्रेरी बंद रहेगी। यहां निर्माण कार्य चल रहा है और कार्य पूरा होने के बाद ही इसे दोबारा खोले जाने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही आरयू के हास्टल नंबर 2 के भी दिन बदलने वाले हैं। इसके जीर्णोद्धार की बातें भी सामने आ रही हैं। बता दें कि गुरुवार को रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहु, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, सीवीएस डॉ स्मृति सिंह, निदेशक बहुद्देशीय परीक्षा भवन अशोक सिंह तथा भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के साथ सेंट्रल लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण किया। इंजीनियरों ने निरीक्षण के बाद कहा कि 1960 में एचइसी द्वारा निर्माण प्रारंभ कर 1970 में आरयू को सौंपे गए ये भवन काफी मजबूत हैं। पर, इनके छज्जों पर पानी का जमाव हो रहा है। इस कारण छज्जों में क्रैक हैं और ये कमजोर हो गए हैं जो हादसे का कारण बने। कुलपति ने कहा कि अब सेंट्रल लाइब्रेरी पूरी तरह से मरम्मत के बाद ही खोला जाएगा। इस भवन का संपूर्ण जीर्णोद्धार किया जाएगा और सभी छज्जों को तोड़कर उन्हें पानी निकासी लायक बनाया जाएगा। सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने से सूखे पेड़ों को भी हटाया जाएगा। इस कार्य के लिए भवन निर्माण विभाग को एक पत्र भेज दिया गया है। साथ ही इससे संबंधित जानकारियों से राजभवन को भी अवगत कराया जा रहा है।

### जल्द होगा अनुदान राशि का भुगतान

सेंट्रल लाइब्रेरी में पढ़ाई करने आए मंतोष कुमार बेदिया का छत का प्लास्टर गिरने से बुधवार को निधन हो गया था। इस निधन से आरयू के कुलपति डा अजीत कुमार सिन्हा एवं पूरा यूनिवर्सिटी परिवार आहत है। कुलपति ने प्रभावित परिवार को 4 लाख रुपये की राशि को किस्तों में एक सप्ताह के अंदर अनुदान के रूप में एवं उनके परिवार के किसी एक सदस्य को उनकी योग्यता के आधार पर यूनिवर्सिटी के नियमानुसार अनुबंध पर नियुक्त करने की सहमति दी है। यूनिवर्सिटी राज्य सरकार एवं कुलाधिपति से इस नियुक्ति को स्थाई करने के लिए यथाशीघ्र याचना भी करेगी। घटना की जांच के लिए कुलपति ने एक जांच कमेटी गठन करने का आदेश भी दे दिया है। जांच कमेटी में अध्यक्ष के तौर पर डीएसडब्ल्यू प्रो सुदेश कुमार साहू, डीन सोशल साइंस डा मधुमिता दासगुप्ता और फिजिक्स के विभागाध्यक्ष डॉ एस के डे रहेंगे।

### हास्टल के भवन भी होंगे दुरुस्त

कुलपति ने कहा कि आरयू का हास्टल नंबर दो बहुत ही जर्जर स्थिति में है यह किसी भी तरह से रहने लायक नहीं है। इसे खाली करा कर पूरी तरह से तोड़ा जाएगा। कुलपति ने कहा कि इसमें सिर्फ अनधिकृत लोगों के रहने की सूचना है। सरकार से मांग की गई है कि प्रशासन द्वारा इन भवनों में रह रहे अनधिकृत लोगों को हटाकर इन भवनों को खाली कराया जाए। साथ ही यहां एक पुलिस पिकेट बनाया जाए। अब इन खतरनाक हो चुके भवनों को तोड़ा जाएगा। सारे सुरक्षा इंतजामों के बाद ही सेंट्रल लाइब्रेरी में छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा।

## ट्रांजिट रिमांड पर लव जिहाद का आरोपी तनवीर लाया गया रांची

### अररिया व्यवहार न्यायालय में हुई पेशी


बिहार पुलिस की गिरफ्त में लव जिहाद का आरोपी तनवीर ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI :** लव जेहाद मामले में अररिया के सिकटी थाना क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार तनवीर अख्तर उर्फ लैक खान को गुरुवार को अररिया व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया। जिसके बाद रांची पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ उसे लेकर रांची गई है। आरोपी तनवीर पर भागलपुर की एक महिला मॉडल ने यौन शोषण,धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने सहित कई संगीन आरोप लगाए थे। मामले में रांची के डोरंडा थाना में तनवीर अख्तर के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।अररिया की सिकटी थाना पुलिस के सहयोग से रांची की डोरंडा थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।वह पिछले कुछ दिनों से नेपाल में रह रहा था। डोरंडा थाना क्षेत्र के युनुस चौक के पास रहने वाला है। लव जेहाद मामले में रांची पुलिस ने आरोपी तनवीर अख्तर उर्फ लैक खान को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह नेपाल से सिकटी थाना क्षेत्र में भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहा था। मुंबई में रह रही भागलपुर की एक महिला मॉडल ने तनवीर अख्तर पर यौन शोषण, धर्म परिवर्तन करने का दवाब बनाने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया था। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी तनवीर अख्तर फरार चल रहा था। मामले में महिला मॉडल ने मुम्बई से रांची पहुंच कर पिछले दिनों 164 का बयान भी दर्ज कराया था। आरोपी तनवीर अख्तर उर्फ लैक खान रांची में एक मॉडलिंग इंस्टीट्यूट चलाता था। महिला मॉडल का आरोप है कि वह वर्ष 2021 में मॉडलिंग सीखने के लिए रांची आई थी और तनवीर के इंस्टीट्यूट में अपना दाखिला कराया था। इसी दौरान दोनों में दोस्ती हो गई थी। महिला मॉडल का आरोप है कि एक त्योहार एक अवसर पर इंस्टीट्यूट में हुई पार्टी में तनवीर ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे धोखे से पिला दिया था।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में प्रसार शिक्षा परिषद् की हुई बैठक

## प्रशासन व कृषि से जुड़े संस्थानों से बेहतर तालमेल बनाकर केवीके व महाविद्यालय करें काम : कुलपति

**PHOTON NEWS RANCHI :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) एवं महाविद्यालयों को स्थानीय प्रशासन एवं कृषि से जुड़े सरकारी संस्थानों से बेहतर समन्वय एवं तालमेल स्थापित करने को कहा है। साथ ही कृषि प्रसार कार्यो में गुणात्मक तकनीकी हस्तांतरण में सहयोग और अभिनव कृषि तकनीकी को बढ़ावा देने पर बल दिया है। कुलपति बीएयू के प्रसार शिक्षा परिषद् की बैठक में बोल रहे थे। कुलपति ने हरेक केवीके को अपने जिले के एक गांव को अंगीकृत कर आदर्श कृषि गांव स्थापित करने पर जोर दिया। ताकि बहुतायत स्थानीय किसानों को तकनीकी लाभ मिले। कहा कि जल्द ही हजारीबाग एवं देवघर जिले के केवीके बीएयू से जुड़ेंगे। उन्होंने कृषि प्रसार सेवा के बेहतर लाभप्रदता के लिए सभी केवीके में प्रतिस्पर्धा की जरुरत पर जोर दिया। कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग दे रही है, केवीके वैज्ञानिकों को किसानों के हित में प्रसार कार्यो में तेजी लानी होगी।



दीप जलाकर कार्यक्रम का शुरूआत करते कुलपति डॉ ओंकार ● फोटोन न्यूज

### एक्सटेंशन हाइलाइट्स 2022–23 पुस्तिका का विमोचन

मौके पर कुलपति एवं अतिथियों द्वारा एक्सटेंशन हाइलाइट्स 2022-23 पुस्तिका का विमोचन किया गया। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए 7 किसानों मोहन प्रजापति, हरेन्द्र साहा, जे उरांव, राज कुमार बेदिया, भुबनेश्वर मांझी, समसुल होदा एवं बिट्टू कुमार को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक रीवोल्विंग फण्ड के सृजन के लिए केवीके विकास भारती, गुमला को पुरुस्कृत किया गया।

### बेहतर परिणाम के लिए मिशन मोड में तकनीकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने पर जोर

परिषद् के विशेषज्ञ डॉ डीएस राठौर, पूर्व कुलपति, सीएसके हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर ने कृषि प्रसार तंत्रों को नये तकनीकी हस्तांतरण में विद्यमान तकनीकी की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान देने पर बल दिया और जिले के प्रसार तंत्र को बेहतर परिणाम के लिए मिशन मोड में तकनीकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

### पशुपालन एवं पशुचिकित्सा की तकनीकी सेवा को प्राथमिकता मिले

परिषद् के विशेषज्ञ डॉ पितांबर सवैन, प्राध्यापक एवं प्रधान, पशुपालन एवं पशुचिकित्सा प्रभाग, उड़ीसा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर ने किसानों के हित में लाभकारी कृषि तकनीकी का त्वरित हंस्तांतरण और स्थानीय अनुरूप उपयोगी तकनीकी को बढ़ावा देने एवं किसानों की बेहतर आमदनी के लिए पशुपालन एवं पशुचिकित्सा की तकनीकी सेवा को प्राथमिकता देने की बात कही।

## CRIME & ACCIDENT स्पॉट को चिह्नित कर CCTV व स्ट्रीट लाइट लगवाएं : कुणाल

### केंद्रीय संयुक्त सचिव ने रांची स्मार्ट सिटी के कार्यों का लिया जायजा

**PHOTON NEWS RANCHI :** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव और स्मार्ट सिटीज मिशन के निदेशक कुणाल कुमार ने गुरुवार को रांची स्मार्ट सिटी के तहत चल रही योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। मौके पर कुणाल कुमार ने कहा कि राजधानी के क्राइम और एक्सीडेंट स्पॉट को चिह्नित किया जाएगा। उन स्थलों में सीसीटीवी और स्ट्रीट लाइट लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ मिलकर शहर के क्राइम और एक्सीडेंट स्पॉट चिन्हित करने का कार्य करें। सरकार की विभिन्न एजेंसियों से मिलकर वैसे चिन्हित जगहों पर कैमरा और स्ट्रीट लाईट लगवाएं। इसके साथ पुलिस के साथ मिलकर कमांड सेंटर से ही एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनवाएं। उन्होंने कहा कि रांची में क्षेत्र आधारित विकास की तर्ज पर विकसित हो रही स्मार्ट सिटी में बेहतर कार्य हो रहे हैं। हमें और भी नई तकनीकी और अभिनव विचार पर आधारित पहल करने की जरूरत है। जिससे हम अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर पाएं। रांची स्मार्ट सिटी के एबीडी क्षेत्र में बन रहे साइकिल लेन और फुटपाथ की भी जांच करने के साथ उसका इस्तेमाल शुरू करने की बात स्मार्ट सिटीज मिशन के निदेशक कुणाल कुमार ने कही।

## गांजा के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**RANCHI :** जगरनाथपुर थाना पुलिस ने हटिया और सिंह मोड़ के समीप छापेमारी कर गुरुवार को गांजा के साथ महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नीरज कुमार और एक महिला शामिल है। इनके पास से दो किलो 202 ग्राम गांजा और 10 हजार 500 रुपये जब्त किया गया। दोनों गांजा बेचने का काम करते हैं।

## हत्या के दोषी को उम्र कैद

**RANCHI :** रांची अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने गुरुवार को हत्या के दोषी चरकू मुंडा को उम्रकैद की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 25 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। चरकू मुंडा पर टाटीसिल्वे के पुराना चतरा गांव निवासी शिवनारायण महली की टांगी और धारदार हथियार से मारकर हत्या करने का आरोप है। आपसी विवाद को लेकर हुई झड़प के बाद चरकू ने 17 मार्च 2019 को उसकी हत्या कर दी थी। घटना को लेकर मृतक के पुत्र राजू महली ने टाटीसिलवे थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के कुछ दिन बाद चरकू को 23 जून 2019 को टाटीसिलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में है। मामले में सुनवाई के दौरान सहायक लोक अभियोजक की ओर से 10 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

# पलामू में बीते 24 घंटे में तीन लोगों ने की खुदकुशी, युवक का शव मिला

**PHOTON NEWS PALAMU**

जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान तीन लोगों के शव फंदे से लटके मिले जबकि एक युवक का शव खेत में मिला है।

जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के डाली गांव में गुरुवार की सुबह दो अलग-अलग घरों में पुरुष और महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय सबिता देवी और 30 वर्षीय सुरेश पासवान के रूप में हुई है।

छतरपुर के एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि मृतका सबिता देवी की शादी तीन माह पहले हुई थी। उसके मायके वालों ने इस मामले को लेकर दर्ज अपनी शिकायत में कहा है कि दहेज को लेकर उसकी हत्या कर शव को नियोजित तरीके से लटका दिया गया। पुलिस सभी बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। इस मामले में अबतक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।



शव के पास लगी लोगों की भीड़। ● द फोटोन न्यूज

एसडीपीओ ने बताया कि सुरेश पासवान पूर्व में वार्ड पार्षद था और उसकी पत्नी गांव के स्वयं सहायता समूह में सक्रिय रहती थी। एक सप्ताह पूर्व उसकी पत्नी किसी लोन फाइनेंस कंपनी के सदस्य के साथ घर से फरार हो गई थी। इसलिए वह हमेशा मानसिक तनाव में रहता था। इसी कारण घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था।

### खेत में मिला शव

छत्तरपुर थाना क्षेत्र के कर्माकला गांव में पास के ही खेत में एक युवक की शव मिला। पुलिस ने पाया कि मृतक के मुंह से फेन आ रहा था। युवक की पहचान कर्माकला टोला बड़हवाखाड़ के रहने वाले अजय कुमार (35) के रूप में हुई। उसकी शादी बीते साल नबीनगर थाना क्षेत्र में हुई है।

परिवार वालों ने बताया कि उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। लड़की के परिजनों और स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब पीने की लत बराबर रहती थी, जिसके कारण घटना हुआ है। थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ बताया जा सकता है।

## साहिबगंज में वित्त प्रदत्त वाहनों को कबाड़ में बेचे जाने का हो रहा गोरखधंधा, फाइनेंस कंपनी हो रहे परेशान

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ**

जिले में इन दिनों फाइनेंस्ड वाहन को कबाड़ी में बेचकर फाइनेंस कंपनी को चूना लगाने के नए गोरखधंधे का खुलासा हो रहा है। ऐसा ही एक मामला जिरवाबाड़ी थाना के समीप स्थित श्रीराम फाइनेंस कंपनी के कार्यालय से जुड़ा प्रकाश में आया है। इस संबंध में श्रीराम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के शाखा प्रबंधक मो. निस कैफ ने बताया कि 11 फरवरी 2021 को तलझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर बाजार निवासी मो. बाबू खान पिता मुस्लिम खान को एक बड़ा वाहन, जिसकी गाड़ी संख्या जेएच 02 पी 2466 है और लोन संख्या केएएचए एलटी 102030002 है, लोन के तहत दी गई थी। इसका ईएमआई अभी पूरा भी नही हुआ था कि उस वाहन को कबाड़ी को बेचने का खुलासा सामने आया है। यह जानकारी तब सामने आई जब चार ईएमआई नही मिलने पर इस संबंध में तगादा किया गया।



शाखा प्रबंधक के गांव पहुचने पर लगी लोगों की भीड़। ● द फोटोन न्यूज

शाखा प्रबंधक ने कहा कि इस संबंध में जब वह महाराजपुर स्थित उनके घर पहुंचे तब यह जानकारी मिली कि उक्त गाड़ी को बाबू खान ने कबाड़ी को बेच डाला है। तत्काल उन्होंने इस मामले की सूचना तालझाड़ी थाना को दी। जिसके बाद सामाजिक स्तर पर हुई पंचायत में बाबूखान ने गाड़ी को कबाड़ी में बेचने की बात स्वीकार किया और लोन की राशि को तय तारीख पर जमा करने का वादा किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे मामले से उन कोशिशों को आने वाले दिनों में धक्का लग सकता है जिसके तहत बेरोजगार नौजवान किसी प्रकार की सहायता प्राप्त कर अपना खुद का बिजनस करना चाहते हैं। क्योंकि प्राइवेट फाइनेंस कंपनी सिंपल कागजी कार्यवाही के बाद लोगो को लोन मुहैया कराती हैं लेकिन ऐसी घटनाओं से विश्वास में कमी आती है और लोगों को लोन मिलने में परेशानी होती है। कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक मृत्युंजय कुमार और क्षेत्रीय विधि प्रमुख राशिद हिक्मत ने भी लोगों को जागरूक करने के इरादे से ऐसे गलत तरीकों को अपनाने से बचने की सलाह दी है। फिलहाल यह मामला सामाजिक स्तर पर ही सुलझा लिया गया है।

## कुष्ठ रोग खोज अभियान को लेकर लोहरदगा डीडीसी ने दिए निर्देश

**LOHARDAGA :** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में आज कुष्ठ रोग खोज अभियान को लेकर एक आवश्यक बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी सदस्यों से अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड व जिला स्तर पर लगातार इस अभियान की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। लोहरदगा जिला में कुष्ठ रोगियों की पहचान जरूरी है। क्योंकि, यहां मरीजों की संभाव्यता अधिक है। सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। डब्ल्यूएचओ, रांची के डॉ मनोज कुमार ने बताया कि यह अभियान 15 से 28 जून तक चलेगा, जिसमें घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी। उपाधीक्षक, सदर अस्पताल ने बताया गया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए लोहरदगा जिला में 504 टीमें होंगी, जिसमें एक पुरुष और एक महिला सदस्य के रूप में सहिया होगी। इसमें पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है।




दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत करती डीडीसी। ● द फोटोन न्यूज

## अब दिव्यांगों के लिए खूंटी में ही बनेंगे कृत्रिम अंग और उपकरण

**PHOTON NEWS KHUNTI**

सामाजिक संस्था श्री महावीर विकलांग सहायता समिति ने गुरुवार को खूंटी केंद्र का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, चिन्मय मिशन के स्वामी परिपूर्णानंद और अन्य अतिथियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित करने के बाद फीता काटकर और नारियल फोड़कर केंद्र का उद्घाटन किया।

अतिथियों का स्वागत स्वामी दयानंद नेत्रालय की बहनों ने माथे पर कुमकुम लगाकर और अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर किया। सेवा गीत मुसाफिर विश्वकर्मा ने प्रस्तुत किया। संस्था के अध्यक्ष ललित केडिया ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब खूंटी में ही कृत्रिम अंग का निर्माण भी होगा। इतना ही नहीं गांव में मोबाइल एंबुलेंस के माध्यम से गांव में ही अंग का निर्माण कर जरूरतमंदों को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इसके 28 केंद्र हैं।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि मंत्रालय संस्था को हर संभव मदद करे। पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने सरकार से मदद की अपील की। सचिव नेमी अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान किया। पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस मौके पर अशोक अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, अंचल किंगर, रतन लाल अग्रवाल, डॉ संगीत श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, सी लाल, एसजीवीएस अस्पताल के निदेशक डॉ निर्मल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## अभाविप ने नीलाम्बर विवि के कुलपति का किया घेराव, छात्र ने की आत्मदाह की कोशिश

**PHOTON NEWS PALAMU**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले गुरुवार को नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति का जोरदार तरीके से विरोध दर्ज किया गया। इसकी अध्यक्षता नगर सह मंत्री नीतीश दुबे ने की। आक्रोशित छात्रों ने कुलपति को घेरकर स्नातकोत्तर में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने, गेस्ट फैकल्टी की बहाली करने, सभी डिग्री कॉलेजों में पुनः इण्टर का नामांकन शुरू करने जैसे विषयों को लेकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान स्नातकोत्तर में नामांकन ना होने पर परेशान एक छात्र ने आत्मदाह करने की भी कोशिश की। इसके बावजूद कुलपति का रवैया विद्यार्थियों के प्रति विरोध पूर्ण रहा। जब विद्यार्थी और उग्र हुए तो कुलपति ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर विभिन्न विषयों को समझा और यह आश्वस्त किया कि दो दिनों के अंदर जितने विद्यार्थी चांसलर पोर्टल के माध्यम से रजिस्टर्ड हुए हैं, सभी का नामांकन सुनिश्चित कर दिया जाएगा। और वैसे विद्यार्थी जो अभी तक किसी कारणवश चांसलर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए हैं, उनका भी नामांकन सुनिश्चित हो, इसके लिए राजभवन से आग्रह किया जाएगा।



कुलपति का घेराव करते अभाविप के सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि सभी विषय छात्र हित के थे और ज्ञापन देने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो फिर आंदोलन करना हमारी बाध्यता थी। डिग्री कॉलेजों में इंटर का नामांकन नहीं होने से हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटक जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन सभी डिग्री कॉलेजों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। यदि सभी विषयों पर त्वरित कार्यवाही नहीं हुई तो छात्रहित में विद्यार्थी परिषद आगे भी उग्र आंदोलन करेगी। प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक रोहित देव, जिला संयोजक सुमित पाठक ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से, आर्यन सिन्हा, अभय कुमार, विक्रांत ओझा, रेशमी कुमारी, प्रिया कुमारी, गीतांजलि कुमारी समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## डोभा निर्माण में फर्जीवाड़ा, पुराना तालाब को डोभा की शक्ल देकर निकाल ली राशि

**PHOTON NEWS PALAMU**

जिले के ग्राम पंचायत उदयपुरा टू के पंचायत भवन के कुछ दूरी पर स्थित गांव चिड़ीकाला में जिस स्थल पर डोभा बनाया गया है, वहां पूर्व से पुराना तालाब था और उसकी गहराई पहले से ही सात-आठ फीट है। नदी से सटा हुआ इलाका है। थोड़ा बहुत मरम्मत कर उसे डोभा का शक्ल दे दिया गया और कुल लागत 4 लाख 88 हजार 475 में से 1 लाख 46 हजार 880 का भुगतान लेबर मद में दिखा दिया गया है।



पुराना खुदा हुआ तालाब। ● द फोटोन न्यूज

इस मामले में पलामू के उपायुक्त अंजनेयुलू दोडे ने कहा कि डोभा निर्माण में अगर अनियमितता बरती गई है तो इसकी जांच कराई जाएगी। डोभा निर्माण नदी के समीप या तालाब में नहीं कराना है। भुगतान पर रोक लगाते हुए मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जेई और योजना के मेठ पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राशि की रिकवरी भी शुद्ध ब्याज के साथ की जाएगी।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत, एक गंभीर

**PHOTON NEWS KODERMA**

जयनगर थाना क्षेत्र के लाराबाद के समीप बुधवार की रात ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल राजू साव (32) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल की पहचान झालपो निवासी अशोक दास (40) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार दोनों लोग अम्बाटाड शादी की पार्टी में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान लाराबाद के समीप अज्ञात ट्रैक्टर अपनी चपेट में लेने से मोटरसाइकिल सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद अस्पताल लाया गया ,जहां राजू साव को मृत घोषित कर दिया गया। घायल का इलाज सदर में चल रहा है।

## CT Scan Machine के लिए जिला प्रशासन और आइओसीएल के बीच हुआ एमओयू

# सुदूरवर्ती क्षेत्र के हर व्यक्ति को लाभान्वित करने का प्रयासः अर्जुन मुंडा

**PHOTON NEWS KHUNTI**

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) जिला प्रशासन के सहयोग से सदर अस्पताल खूंटी में सभी सुविधाओं से लैस एक अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन मुहैया कराएगी। इस संबंध में गुरुवार को आइओसीएल और जिला प्रशासन के बीच एमओयू किया गया। मौके पर केंद्रीय मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय अर्जुन मुंडा उपस्थित थे।



अर्जुन मुंडा की फाईल फोटो।

वर्तमान में खूंटी जिले के रोगियों को गंभीर मामलों और सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को सीटी स्कैन के लिए रांची रेफर करना पड़ता है। कुछ ही दिनों में सदर अस्पताल में ही लोगों को यह सुविधा मिलेगी। सीटी स्कैन मशीन की खरीद और एमसीएच 2 भवन में इसकी स्थापना से संबन्धित सारी आधारभूत संरचना का निर्माण और रख-रखाव का खर्च आइओसीएल वहन करेगा। प्रोजेक्ट को लगाने में लगभग तीन करोड़ 90 लख रुपये की लागत आयेगी।

### सुदूरवर्ती क्षेत्र के हर व्यक्ति को लाभान्वित करने का प्रयासः अर्जुन मुंडा

मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि खूंटी जिले में यह पहल सभी खूंटी जिला वासियों हमारे जनजातीय लोगों के लिए लाभकारी है। स्वास्थ्य सबसे अहम है और इसी स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में यह पहल की जा रही है। उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस पर जिले में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा, जिसमें तेजस्विनी की बच्चियों के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा।

कार्यकारी निदेशक सह राज्य प्रमुख आइओसीएल ने बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत की एक महारत्न कंपनी है जो अपने स्थापना काल से ही समाज के वंचित लोगों के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन लाने के लिए सतत प्रयत्नशील रही है। इंडियन ऑयल सदैव ही ह्रपहले इंडियन फिर ऑयल की भावना से कार्यरत रहा है और समाज उत्थान के कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़ के अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है।

## BRIEF NEWS

### उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के अड्डे को किया ध्वस्त



अवैध शराब के अड्डे को ध्वस्त करती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

**BOKARO :** उत्पाद विभाग ने हरला थाना क्षेत्र के वास्तेजी गांव दामोदर नदी किनारे अवैध चुलाई शराब के अड्डे को ध्वस्त किया है। मौके से अवैध चुलाई शराब-230 लीटर एवं जावा महुआ-9800 किलो जब्त किया गया है।अवैध चुलाई शराब के अड्डे के संचालक छोटू बर्नवाल के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है। सहायक आयुक्त उत्पाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि इस इलाके में अवैध तरीके से देसी महुआ शराब की भर्ती चलाकर बाजार में बेचा जा रहा है, जिसके चलते सरकार के राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। इसी को लेकर टीम गठित कर छापेमारी की गयी और भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया।

### फंदे से लटका मिला किराना दुकानदार का शव

**PALAMU :** मेन बाजार महावीर चौक सतबरवा के किराना दुकानदार रामजी प्रसाद का शव गुरुवार को दुकान के गलियारे के वेंटिलेटर में दुपट्टा के सहारे फंदे पर लटका मिला। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि मेन बाजार के रामजी प्रसाद (64) को शव का एमआरएमसीएच से पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को दाह संस्कार के लिए सौंप दिया है। एएसआई इंद्र पासवान को परिजनों ने बताया कि रामजी बीते कई साल से बवासीर रोग से पीड़ित था। हाल के दिनों में दुकानों में आर्थिक मंदी के चलते चिंतित रहते थे। उल्लेखनीय है कि बीते एक पखवाड़े में पांच लोगों ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर ली है।

### देवघर में पूर्व मुखिया के घर में दस लाख की डकैती, दम्पति को जमकर मारा-पीटा

**DEOGHAR :** जिले के सारठ में पांच नकाबपोश डकैतों ने बुधवार रात करीब एक बजे पूर्व मुखिया रमेश चन्द्र सिंह के घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि कुकराहा स्थित पूर्व मुखिया रमेश चन्द्र सिंह के घर पीछे दीवार फांद कर अंदर घुसे बदमाशों ने पूर्व मुखिया की पत्नी के साथ मारपीट की और एक कमरे में बंद कर दिया। साथ ही पूर्व मुखिया को भी मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और आलमारी से तीन लाख नगदी, दो किलो चांदी ओर चांदी से बने जेवर, 5 अगूंठी, एक कानबाली, एक चेन के साथ सोने से बने अन्य जेवर लूट लिया, जिसकी कीमत लगभग दस लाख बताई जा रही है। डकैती करने के बाद सभी नकाबपोश पीछे के रास्ते से निकल गए। डकैतों ने लगभग एक से डेढ़ घंटे तक जमकर लूटपाट किया। घायल अवस्था में पूर्व मुखिया ने आसपास रहने वाले पड़ोसियों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद किसी ने चितरा पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद एसडीपीओ धीरेंद्र नारायण बंका, चितरा थाना प्रभारी राजीव कुमार दलबल के साथ पहुंच कर घटना का जायजा लिया। घायल को सीएचसी भेजा गया।

### हत्या को दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा

**WEST SINGHBHUM :** जिले के जटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत घरेलू झगड़े में पत्नी की हत्या करने के मामले में दोषी पति बबलू तिरिया को कोर्ट ने गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। मामले में बताया जा रहा है कि जेटेया थाना में 24 नवंबर, 2021 को आरोपित बबलू तिरिया के खिलाफ पत्नी गोनो लागुरी की हत्या करने का मामला दर्ज किया गया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 22 नवंबर को गोनो लागुरी का अपनी पत्नी सुबनी लागुरी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। अगले दिन 23 नवंबर को गोनो लागुरी अपनी पत्नी के साथ ग्राम टीटूसाई स्थित अपने ससुराल गया था। शाम करीब 7 बजे गोनो लागुरी की पति बबलू तिरिया ने दाउली से सिर और चेहरा पर वारकर उसकी हत्या कर दी। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने बबलू तिरिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में पुलिस की ओर से आरोप पत्र समर्पित किया गया, जिसके आधार पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बबलू तिरिया को सजा सुनाई।

### दुमका में विषाक्त भोजन से महिला और उसके पांच बच्चे हुए बेहोश



गांव में पहुंचे बीडीओ राजेश कुमार व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**DUMKA :** जिले के सदर प्रखंड के लहडंगी गांव में गुरुवार को विषाक्त भोजन खाने से एक ही परिवार के छह सदस्य बेहोश हो गए। बेहोश होने वालों में प्रेमशीला किस्कू और उसके पांच बच्चे थे। गांव के पीडीएस दुकानदार मेरी मुर्मू ने इसकी सूचना बीडीओ को दी। सूचना मिलते ही बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी के साथ गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें बताया गया कि खाना में छिपकली गिरी थी। डॉक्टर ने सभी का स्वास्थ्य जांच किया। सभी को उल्टी कराया गया। इसके बाद सभी सदस्यों को होश आया। होश में आने के बाद सभी को एम्बुलेंस की मदद से फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। बीडीओ और डॉक्टर ने ग्रामीणों को समझाया कि खाना और पानी को ढक कर रखें। बासी भोजन या दूषित भोजन ना करें।

### देवघर : 19 दान पात्रों में 12 अमेरिकी डॉलर समेत मिले 18.59 लाख रुपये

**DEOGHAR :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर गुरुवार को बाबा मंदिर प्रांगण स्थित सभी 19 दान पात्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया। दान पात्रों को खोले जाने के बाद मंदिर प्रबंधन के कर्मियों के जरिए हुई गिनती में दानपात्र से कुल आय 18,59,514 रुपये के अलावा नेपाली रुपये 1966 और अमेरिकन डॉलर 12 दान स्वरूप प्राप्त होने की जानकारी सामने आई। इससे पूर्व पात्र से निकले पैसे को गिनती के लिए मंदिर प्रशासनिक भवन में रखा गया। इससे पहले गत पांच अप्रैल 2023 को बाबा मंदिर प्रांगण स्थित सभी दानपात्रों को खोला गया था।

### पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो, नवजात की मौत

**GARHWA :** जिले के बरडीहा थाना क्षेत्र के सलगा मोड़ के समीप मझिआंव से कांडी की ओर जा रही काले रंग की नई स्कार्पियो गाड़ी एक पेड़ में जाकर टकरा गई। हादसे में उसमें सवार 4 लोग घायल हो गए, जबकि एक 6 माह के नवजात की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि स्कॉर्पियो गढ़वा से चलकर मझिआंव से कांडी की तरफ जा रही थी। इसी बीच बरडीहा पहाड़ी के ढलान में एक सूखे पेड़ से टकरा गई। जिससे हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के दारीदह गांव निवासी अजय कुमार सिंह, भीष्म नारायण सिंह, राहुल कुमार सिंह एवं बरडीहा थाना क्षेत्र के कुलहुआ गांव निवासी सुमित प्रजापति की पत्नी नीतू देवी घायल हो गई। वहीं नीतू देवी का 6 माह का नवजात की मौके पर ही मौत हो गई।

# भीषण गर्मी में बेहोशी, उल्टी और दस्त के मरीज बढ़े, HOSPITAL में नहीं मिल रहे बेड

## एमजीएम में फर्श पर चल रहा इलाज, शहर में अगले तीन दिनों तक लू का अलर्ट जारी

- साकची गुरुनानक हाई स्कूल की छात्रा हुई बेहोश, एमजीएम में चल रहा इलाज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** भीषण गर्मी का असर साफ दिख रहा है। गुरुवार को साकची स्थित गुरुनानक हाई स्कूल की एक छात्रा बेहोश होकर गिर पड़ी। इससे स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। छात्रा पर पानी भी डाला गया लेकिन उसकी स्थिति सामान्य नहीं हुई तो एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, इसकी जानकारी छात्रा की मां-पिता को दी गई। साकची के काशीडीह स्थित बगान नंबर चार निवासी ऋषा कुमारी गुरुवार को स्कूल खुलने पर सुबह 7.30 बजे स्कूल पहुंची थी। इसके बाद वे क्लास में पढ़ाई कर रही थी। तभी सुबह 10.30 बजे ऋषा अचानक से बेहोश होकर गिर पड़ी। इसके बाद उसे आनन-फानन में एमजीएम अस्पताल लाया गया। यहां पर चिकित्सकों ने बताया कि गर्मी की वजह से छात्रा बेहोश हुई है। उसे स्लाईन चढ़ाया जा रहा है।



एमजीएम अस्पताल में इलाज के लिए कतार में लगे लोग ● फोटोन न्यूज

### गर्मी में होने वाली बीमारियां

- **लू लगना** : तेज धूप में लंबे समय तक रहने से इसके चपेट में लोग आ जाते हैं।
- **फूड प्वाइजनिंग** : दूषित भोजन या पानी के सेवन से होता है। गर्मी के दिनों में बैक्टीरिया, वायरस और फंगस तेजी से ग्रोथ करते हैं, जिससे लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो जाते हैं।
- **टायफाइड** : दूषित पानी या जूस आदि पीने से यह बीमारी होती है।
- **मीजल्स** : यह पैरामाइक्सो वायरस से फैलता है जो गर्मी में सक्रिय होता है।
- **चिकनपॉक्स** : वैरीसेला जोस्टर वायरस की वजह से यह बीमारी फैलता है।
- **स्किन पर रैश और घमौरी होना** : गर्मी में पसीना ज्यादा निकलता है, जिसके कारण स्किन पर रैश और घमौरियां हो जाती है।
- **हेपेटाइटिस ए यानी पीलिया** : दूषित पानी और दूषित खाना खाने से यह बीमारी होता है।

### गर्मी से कैसे बचें

- धूप में जाने से बचें।
- पेय पदार्थ ज्यादा लें।
- ठंडी तासीर वाली वस्तुएं लें।
- हल्के रंग के कपड़ों का उपयोग करें।
- ताजा और सुपाच्य भोजन करें।
- शारीरिक श्रम कम करें।
- नींद पूरी करें।
- व्यायाम पर ध्यान दें।
- प्रकृति से ठंडक लें।

**छात्रा की स्थिति बेहतर :** फिलहाल छात्रा की स्थिति बेहतर है। वहीं, शहर के अस्पतालों में गर्मी से संबंधित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की भरमार है। इसमें सबसे अधिक उल्टी, दस्त, बुखार, टाइफाइयड, हेपेटाइटिस सहित अन्य रोगी शामिल हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने की वजह से मरीजों को इमरजेंसी विभाग में बेड नहीं मिल रहा है। वहीं, मेडिसिन विभाग भी फुल है। फर्श पर लेटकर मरीज इलाज करा रहे हैं। गंभीर मरीजों को आईसीयू में भर्ती होने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

**18 जून तक इसी तरह बना रहेगा मौसम :** शहर में 18 जून तक इसी तरह भीषण गर्मी पड़ेगी। शुक्रवार को भी शहर में लू चलने की संभावना जताई गई है। भारतीय मौसम विभाग की ओर से 15 से 18 जून तक शहर में लू का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 19 जून को शहर में मानसून दस्तक दे सकती है। ऐसा मौसम विभाग का अनुमान है। उसके बाद तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।

> गर्मी के दिनों में लू लगने का खतरा काफी बढ़ जाता है। कभी-कभी यह जानलेवा भी हो जाता है।
>
> – डा. बलराम झा फिजिशियन, एमजीएम।

> गर्मी में चर्म रोग के मामले भी बढ़ जाते हैं। ऐसे में लोगों को शरीर को अच्छी तरह से ढक कर निकलने की जरूरत होती है।
>
> - डा. आर. कुमार, चर्म रोग विशेषज्ञ

### अगले छह दिन का संभावित तापमान

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 16 जून | 43.0 | 30.0 |
| 17 जून | 43.0 | 30.0 |
| 18 जून | 42.0 | 29.0 |
| 19 जून | 40.0 | 29.0 |
| 20 जून | 39.0 | 28.0 |
| 21 जून | 39.0 | 28.0 |

# बेसिक नर्सिंग कोर्स की प्रवेश परीक्षा 9 जुलाई को



- विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से बेसिक नर्सिंग कोर्स (सत्र 2023-27) की प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गयी है। परीक्षा का आयोजन आगामी नौ जुलाई को किया जायेगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में सुबह 9 बजे प्रवेश करने का निर्देश दिया गया है। बिष्टुपुर स्थित जेम फाउंडेशन मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। आगामी 4 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kolhanuniversity.ac.in पर परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड उपलब्ध होगा। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि एडमिट कार्ड उन्हीं परीक्षार्थियों को निर्गत किया जायेगा, जिन्होंने ऑनलाइन फार्म भरने के साथ ही ऑनलाइन शुल्क का भुगतान किया है।

परीक्षा में परीक्षार्थियों को पासपोर्ट साइज का दो रंगीन फोटोग्राफ, ब्लैक बॉल पेन, आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ ही छायाप्रति और डाउनलोड किया गया एडमिट कार्ड के साथ पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा में कैलकुलेटर और मोबाइल फोन लेकर जाना प्रतिबंधित है।

# संपत्ति विवाद में बेटे ने पिता, मां व बहनों पर किया जानलेवा हमला

## सभी घायल एमजीएम में भर्ती, घटना मनीफीट उड़िया बस्ती की

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** मनीफीट उड़िया बस्ती में गुरुवार की सुबह संपति विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने ही पिता बहन व माँ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार विश्वनाथ नामक व्यक्ति ने अपने पिता गोपाल घोष, बहन पूजा घोष, सुहानी घोष और मां जुली घोष पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। जिसकी वजह से सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बस्ती वासियों ने सभी घायलों को इलाज के लिये एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।



एमजीएम में इलाजरत घायल ● फोटोन न्यूज

घायल गोपाल ने बताया कि गुरुवार को वे अपने घर में सतसंग कराने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान ही वे मकान की छत पर चढ़कर चादर बांधने का काम कर रहे थे। इस दौरान उनका बेटा विश्वनाथ, पोता विश्वजीत और विक्रम पहुंच गया और चादर बांधने नहीं दिया। कारण पूछने पर सभी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

**पिता ने बताया 10 साल पहले हो चुका है बंटवारा:** गोपाल घोष का कहना है कि संपति का बटवारा 10 साल पहले ही हो गया था। लेकिन इसके बाद भी आरोपी बड़ा बेटा उनके साथ आये दिन मारपीट करता रहता है। स्थिति ऐसी हो गई है कि अब उनका अपने ही घर में जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि बेटा आए दिन उन्हें जान से मारने की धमकी देता रहता है गुरुवार को उसने इसकी कोशिश भी की। वहीं इस पूरे घटना की सूचना मिलने पर टेल्को पुलिस में आरोपियों के खिलाफ धरपकड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मानगो में बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर पिता व मां को पीटा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जिस बेटे को पाल पोसकर पिता और माता बड़ा करते है, आज वे लोग ही अपने पिता और मां के साथ मारपीट करने से पीछे नहीं हटते है। ऐसी ही घटना जमशेदपुर में घटी है। जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत के डिमना रोड संजय पथ के रहने वाले चमकलाल गुप्ता और उनकी पत्नी इंदु देवी को बेटा राजू गुप्ता और बहू खुशबू देवी ने गुरुवार को लाठी, डंडा और लात-घूसे से पीटकर जख्मी कर दिया। घटना के बाद दोनों घायल उलीडीह थाने पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिये एमजीएम अस्पताल भेजा। घायल चमकलाल गुप्ता ने बताया कि उनका बेटा राजू गुप्ता गैस एजेंसी चलाता है। सभी बेटियों की शादी हो गयी है। मकान का कमरा सभी बेटों को बांट दिया गया है।



एमजीएम में इलाजरत घायल ● फोटोन न्यूज

चमकलाल का कहना है कि गुरुवार की सुबह 11 बजे बेटा राजू गप्ता शराब पीकर घर पर आया था और गाली- गलौज कर रहा था। कारण पूछने पर बेटा और बहू खुशबू देवी ने मिलकर मारपीट की। चमकलाल की आवाज सुनने पर जब पत्नी इंदु देवी बीच-बचाव करने गयी तब उसपर भी बेटा और बहू ने हमला कर दिया फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला संपत्ति विवाद का बताया जा रहा है।

# उत्कल एसोसिएशन पहली बार कर रहा भव्य रथ यात्रा का आयोजन

## 16 फीट के रथ पर भगवान जगन्नाथ होंगे विराजमान



रथ यात्रा को लेकर बन रहा यज्ञ मंडप व रथ ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** उत्कल एसोसिएशन साकची जमशेदपुर की ओर से इस बार पहली बार रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. एसोसिएशन द्वारा रथ यात्रा की पूरी तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है एसोसिएशन की शुरूआत 1934 में हुई थी. उस समय से एसोसिएशन द्वारा केवल एसोसिएशन प्रांगण में बने भगवान जगन्नाथ कि पारंपरिक रूप से पूजा किया जाता था. जिसमें विशेष रूप से उड़िया समाज के लोगों शामिल होते थे.एसोसिएशन के बनने का लगभग 90 वर्ष पूरे होने वाले है. रथ यात्रा को भव्य बनाने के लिए विशेष रूप से पूरी से कारीगरों को बुलाया गया है, जो रथ निर्माण से लेकर यज्ञ मंडप बनाने का काम कर रहे है. इसके बाद रंगीन कपड़ों से रथ को सजाने का काम किया जा रहा है.

एसोसिएशन द्वारा पहली बार रथ यात्रा के आयोजन को लेकर विशेष रूप से 18 जून को रथ की प्रतिष्ठा हेतु सुबह 8 बजे से कलश यात्रा का आयोजन किया जायेगा.उसके बाद कलश को बनाये गए मंडप में स्थापित कर यज्ञ का आयोजन किया जायेगा. ये सभी जानकारी एसोसिएशन जेनरल सेक्रेटरी तरुण कुमार मोहंती ने दी. उन्होंने बताया कि 19 जून को एक विशेष रूप से भागवत परिचर्चा का आयोजन किया जायेगा. उस दौरान उड़ीसा से एक ग्रुप शामिल होगा जो वादय यंत्र बजायेगा. उन्होंने बताया कि इस रथ यात्रा में शहर के तमाम सामाजिक संगठन, राजनीतिक संगठन, बार एसोसिएशन, ब्लड बैंक समेत सभी समुदाय के लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ केवल उड़िया समाज के ही नहीं बल्कि सभी हिंदू समाज के है. उन्होंने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शहर के लगभग 15 से 20 हजार भक्त शामिल होंगे, जो भगवान के रथ को आगे खीचेंगे. उन्होंने बताया कि पूजा के सारे विधि विधान पूरी की तरह होगा. उन्होंने बताया कि रथ यात्रा दोपहर 2 बजे निकलेगा जो साढ़े 6 बजे सूर्यास्त से पहले एसोसिएशन प्रांगण के भीतर बने मौसीबाड़े में विराजमान होंगे. तरुण कुमार मोहंती ने बताया कि इस बार पहली बार रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है.इसलिए एक ही रथ पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा विराजमान होंगी.अगले साल इस रथ को बहन सुभद्रा के लिए रखा जायेगा, और भगवान जगन्नाथ और भाई बलभद्र के लिये नए दो रथ का निर्माण किया जायेगा.साथ ही उन्होंने बताया कि अगले साल और भी भव्य रूप से रथ यात्रा का आयोजन किया जायेगा.

## इलेक्ट्रॉनिक बाजार में पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत बिक्री बढ़ी

# एसी, कूलर, फैन व फ्रिज की बढ़ी मांग

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** भारी गर्मी के बीच इलेक्ट्रानिक्स का बाजार गुलजार हो गए है। भीषण गर्मी की वजह से बाजार में पंखा, फ्रीज, कूलर व एसी की डिमांड बढ़ गई है। शहर भर की इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर ग्राहकों को जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है।बड़े शो रूम से लेकर छोटे इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों पर लोग जमकर खरीदारी कर रहे है। अभी इलेक्ट्रॉनिक बाजार में कैसेट एसी, बिना पानी वाला कूलर और फैन की बिक्री ज्यादा हो रही है। वहीं बाजार में टेबुल फैन, स्टैंड फैन, केबिन फैन की कीमत अलग-अलग कंपनियों की अलग-अलग है। जहां तक कूलर की बात है तो बाजार में लोकल मेड व विभिन्न कंपनियों के कूलर मौजूद हैं। कूलर स्टील और फाइवर व प्लास्टिक की बाडी में एक से बढ़कर एक मिल रहे है। पिछले साल की तुलना में इस साल 10 प्रतिशत सेल ज्यादा हुई है। इधर भारी गर्मी को देखते हुए दुकानदारों ने एसी के एक से बढ़कर एक आईटम मंगवाए है।




इलेक्ट्रॉनिक दुकान में खरीदारी करते लोग ● फोटोन न्यूज

विशेष रूप से कार्यालयों में एसी और कूलर की अच्छी-खासी मांग है। ग्राहकों की मांग को देखते हुए दुकानदार कूलर व एसी के अच्छी बिक्री के प्रति ज्यादा उत्साहित हैं। दुकानदारों के अनुसार मार्च अप्रैल के महीने में बाजार में थोड़ी मंदी थी, लेकिन मई जून में पंखा, फ्रीज, कूलर व एसी की बिक्री मार्च अप्रैल की तुलना में डबल हो गई शहर में सभी बड़े इलेक्ट्रॉनिक शॉप में प्रतिदिन 20 से 25 लाख की सेल हो रही है। वहीं छोटे इलेक्ट्रॉनिक शॉप वाले 6 से 10 लाख तक की सेल कर रहे हैं। नेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स के मैनेजर किसन ने बताया कि गर्मी की तपिश बढ़ते की जरूरत के सामानों का स्टॉक पूरा कर लिया गया है। स्टॉक में एसी, कूलर, फ्रीज, फैन की कोई कमी नहीं है उन्होंने बताया कि सबसे अधिक लोगों एसी की खरीदारी ज्यादा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 20 से 25 एसी की बिक्री हो रही हैं। वहीं कूलर भी 20 से 30 की बिक्री हो रही है। उन्होंने बताया कि डीप फ्रीज की बिक्री भी इस साल ज्यादा हो रहा है। जहां तक एसी, कूलर, फ्रीज, फैन की कीमत की बात करे तो पिछले साल की तुलना में थोड़े महंगे हैं। दुकानदारों का कहना है कि क्वालिटी बढ़ेगी तो आईटम के दाम में वृद्धि होगी। इलेक्ट्रॉनिक बाजार में एसी की कीमत 19500 से 1 लाख 16 हजार तक है। वहीं कैसेट एसी की कीमत 2 से 3 लाख के बीच में है। कूलर की कीमत 7 से 25 हजार के बीच में है वहीं फैन की कीमत 1100 से 9 हजार तक कीमत है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक बाजार पिछले साल की तरह ही है। लेकिन गर्मी का हाल पूरे महीने तक इसी तरह से रहा था, पिछले साल की बिक्री को क्रॉस कर जायेगा। ऐसे में सेल 10 से 15 प्रतिशत और बढ़ जायेगा। नेशनल इलेक्ट्रॉनिक के मैनेजर किसन ने बताया कि कैसेट एसी को घर के छत में फीट किया जा सकता है। कम जगह में भी इसे लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लोग घरों में जगह की कमी के चलते कैसेट एसी ले रहे हैं।

# MANGO शिव मंदिर के लिए उज्जैन से आया शिवलिंग



मानगो दाईगुट्टू शिव मंदिर में एकत्रित श्रद्धालु ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** मानगो के दाईगुट्टू स्थित प्राचीन शिव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए महाकाल उज्जैन से गुरुवार को शिवलिंग लाया गया। इस दौरान मानगो बजरंग बली मंदिर के समीप सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर खुशी जाहिर करते हुए शिवलिंग की पूजा की। एक सप्ताह पूर्व प्राचीन शिव मंदिर कमेटी के आठ सदस्यीय दल शिवलिंग लेने के लिए रवाना हुई थी। मानगो पहुंचने पर सभी सदस्यों का स्वागत गाजे-बाजे के साथ किया गया। वहीं, मंदिर प्रांगण के सुरक्षित स्थान को गंगाजल से धोकर शिवलिंग को रखा गया है। सावन माह में पूरे विधि विधान के साथ शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। इस मौके पर वाराणसी से भी कई साधु-शंत शामिल होंगे। इस अवसर पर विकास सिंह, गिरीश सिंह, एसके सिंह, राजेंद्र राम, मिथिलेश सिंह, रोहित कुमार, मिथलेश सिंह, चुन्नू तिवारी, अमित कुमार, अंजू कुमारी, मधु देवी, संगीता देवी, सविता देवी, मीना देवी, रीता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# लू, चक्रवात और वर्षा

उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में गरमी या लू से बुरा हाल है और आगामी दिनों में भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के ज्यादातर इलाकों में लू का आलम रहेगा। उत्तर भारत ही नहीं, दक्षिण में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के ज्यादातर हिस्सों में भीषण गरमी देखी जा रही है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा में भी गरमी से बुरा हाल है। उधर, पश्चिमी तट के ज्यादातर इलाकों में समुद्री चक्रवात बिपरजॉय की वजह से बड़ी चिंता है, आम जनजीवन और परिवहन पर व्यापक असर पड़ा है। गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। समुद्र में उठ रही ऊंची लहरों और तेज हवाओं के चलते एक लाख के करीब लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक भी हुई है। ध्यान देने की बात है कि देश में अभी मौसम की विचित्र स्थिति बनी हुई है। पश्चिमी भारत में समुद्री चक्रवात का असर है, तो मध्य व उत्तर भारत में लू का कहर और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश की चेतावनी है। इन दिनों सबसे ज्यादा चिंता बिपरजॉय को लेकर है। इसे छह दशकों में आया तीसरा बड़ा चक्रवात बताया जा रहा है। कम से कम नुकसान के लिए लोग दुआ, प्रार्थना का भी सहारा ले रहे हैं। अगर यह कमजोर नहीं पड़ा, तो भारत ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान में भी तबाही का कारण बन सकता है। यह अच्छी बात है कि सरकारों और स्थानीय प्रशासन ने चक्रवात से निपटने के लिए समय रहते इंतजाम कर लिए हैं, अतः जान-माल की कम से कम क्षति होगी। यह हमारी मौसम संबंधी वैज्ञानिक तरक्की का ही नतीजा है कि चक्रवात से काफी पहले ही लोगों को सतर्क कर दिया गया है। पहले ऐसी त्रासदी भुगत चुके लोगों ने भी सरकारों के दिशा-निदेशों की उचित ही पालना की है। अभी विस्थापित हुए लोगों को किसी भी तरह की तकलीफ से बचाना सरकारों की जिम्मेदारी है। एक उम्मीद यह भी है कि यह चक्रवात तट से टकराने से पहले ही कमजोर पड़ सकता है, पर इसने तट से टकराने से पहले ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। बड़ी तादाद में लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। यह जितनी जल्दी बीत जाए, उतना अच्छा है। एक आशंका है कि इसका थोड़ा असर मध्य भारत या उत्तर भारत तक भी पहुंच सकता है। कुल मिलाकर, भारत में आगामी कुछ दिनों में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ ही रहने वाला है। केरल में सप्ताह भर की देरी से मानसून पहुंचा है। यह झारखंड और बिहार में प्रवेश कर चुका है, लेकिन उत्तर प्रदेश को अभी मानसून का इंतजार करना होगा। दिल्ली तक यह जून के आखिरी सप्ताह में ही पहुंचेगा। बीच-बीच में बारिश की वजह से इस बार तुलनात्मक रूप से कुछ राहत है। आगामी दिनों में भी लू के इलाकों में अचानक बारिश का माहौल बन जाए, तो आश्चर्य की बात नहीं है। वैज्ञानिक इन तमाम मौसमी हालात को जलवायु परिवर्तन से जोड़कर भी देख रहे हैं।

# निजता में सेंधमारी

गाहे-बगाहे ऐसी खबरें आती रहती हैं कि साइबर अपराधियों ने लोगों का निजी डाटा चुरा लिया है। दरअसल, ऑनलाइन सिस्टम से जितनी सुविधा हुई व समय की बचत हुई, उसकी सुरक्षा के लिये खतरा उतना ही ज्यादा बड़ा हो गया है। पिछले दिनों व्यवस्थित कोविड टीकाकरण के लिये बनाये गये सिस्टम कोविन के डाटा में सेंधमारी की चर्चा ने सनसनी फैला दी। चिंता की बड़ी बात यह थी कि इसमें करोड़ों लोगों का निजी डाटा जमा था, जिसमें आम के साथ सुरक्षा की दृष्टि से तमाम खास लोग भी शामिल थे। हालांकि, उसी तीव्रता से केंद्र सरकार ने साफ किया कि कोविन का कोई डाटा चोरी नहीं हुआ। फिर भी इस मुद्दे पर विपक्ष ने केंद्र को निशाने पर ले लिया। यद्यपि सरलता से टीकाकरण की व्यवस्था को अंजाम देने के लिये देश-विदेश में कोविन सिस्टम की सराहना भी हुई थी। बहरहाल, निजी डाटा में सेंधमारी की चर्चा ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी क्योंकि आये दिन लोगों के साथ ऑनलाइन फ्राड के मामले प्रकाश में आते रहते हैं। कोविन प्रकरण में ये बातें भी चर्चा में रही कि चुराये डाटा को बिक्री के लिये एक वेबसाइट पर रखा गया है। कहना कठिन है कि चोरी की घटना कितनी हकीकत है और कितना फसाना, मगर एक बार फिर से सरकार द्वारा नागरिकों से जुटाई गई संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा का प्रश्न सामने खड़ा हो गया। यदि सरकार के दावे को सही मान भी लिया जाये कि डाटा चोरी नहीं हुआ है तो भी जरूरी है कि सारे मामले की गहन जांच की जाये। कोशिश हो कि इस प्रकरण में गहराई तक जांच करके दोषियों को कानूनी शिकंजे में लाने के प्रयास किये जाएं। दुनिया जानती है कि भारत एक बड़ा उभरता उपभोक्ता बाजार है और विश्व की तमाम कंपनियां अपने कारोबार को भारत में फैलाना चाहती हैं। यदि कोई डाटा चोरी होता है तो ये कंपनियां अपने कारोबार बढ़ाने के लिये चोरी का डाटा खरीदने को उत्साहित हो सकती हैं। बहरहाल, वास्तविकता कुछ भी हो सरकार को सरकारी सर्वर की सुरक्षा फुलप्रूफ करने की जरूरत है। जिसमें ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि खुद के अलावा कोई दूसरा व्यक्ति इस निजी डाटा को न देख सके। इसमें ओटीपी व्यवस्था के साथ ही अन्य सुरक्षा उपायों को शामिल करना चाहिए। कोशिश तो यह होनी चाहिए कि यदि किसी कल्याणकारी योजना के लिये सरकार भी किसी व्यक्ति के निजी डाटा का उपयोग करे तो उसकी जानकारी हर नागरिक को होनी चाहिए।

# शिवराज सरकार, खेती-किसानी से प्यार

ANALYSIS



लोकेन्द्र सिंह

**महाकुंभ में शिवराज सरकार ने किसानों को राहत देते हुए 2200 करोड़ रुपये कृषि ऋण का ब्याज माफ करने, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की लगभग 1400 करोड़ रुपये की राशि जारी करने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 2900 करोड़ रुपये के दावों के भुगतान अंतरण करने का बड़ा काम किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कर्जमाफी के वायदे के चक्कर में प्रदेश के किसानों पर कृषि ऋण के ब्याज का बोझ बढ़ गया था, जिसके कारण वे डिफाल्टर हो गए थे, उन्हें सरकार की कृषि संबंध योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शिवराज सरकार ने किसानों को इस भंवर से निकाल कर बड़ी राहत दी है। याद हो कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि कांग्रेस की पूर्व सरकार के समय वर्ष 2018 में ऋणमाफी की उम्मीद में हजारों किसान डिफाल्टर हो गए और खाद बीज लेने से वंचित हो गए। ऐसे दो लाख रुपये तक के फसल ऋण वाले किसानों की पीड़ा को राज्य सरकार ने समझा है और ब्याज माफी का निर्णय लिया है।**

खेती-किसानी और उससे जुड़े व्यवसाय मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं विकास की धुरी हैं। यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उनकी सरकार बखूबी समझती है। मुख्यमंत्री चौहान के हाथ में जब से प्रदेश की कमान है, तब से उन्होंने लगातार किसानों की बेहतरी के लिए प्रयास किए हैं। केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में शिवराज सरकार, दोनों ने अपनी प्राथमिकता में किसानों को रखा है। मध्य प्रदेश के राजगढ़ में आयोजित किसान-कल्याण महाकुंभ के आयोजन से सरकार ने यही संदेश देने का प्रयास किया है कि वह किसानों के हितों की चिंता करने में सदैव की तरह अग्रणी रहेगी। महाकुंभ में शिवराज सरकार ने किसानों को राहत देते हुए 2200 करोड़ रुपये कृषि ऋण का ब्याज माफ करने, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की लगभग 1400 करोड़ रुपये की राशि जारी करने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 2900 करोड़ रुपये के दावों के भुगतान अंतरण करने का बड़ा काम किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कर्जमाफी के वायदे के चक्कर में प्रदेश के किसानों पर कृषि ऋण के ब्याज का बोझ बढ़ गया था, जिसके कारण वे डिफाल्टर हो गए थे, उन्हें सरकार की कृषि संबंध योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शिवराज सरकार ने किसानों को इस भंवर से निकाल कर बड़ी राहत दी है। याद हो कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि कांग्रेस की पूर्व सरकार के समय वर्ष 2018 में ऋणमाफी की उम्मीद में हजारों किसान डिफाल्टर हो गए और खाद बीज लेने से वंचित हो गए। ऐसे दो लाख रुपये तक के फसल ऋण वाले किसानों की पीड़ा को राज्य



सरकार ने समझा है और ब्याज माफी का निर्णय लिया है। अपनी घोषणा और किसानों के साथ किए वादे को निभाते हुए पिछले माह ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर के प्राथमिक सहकारी साख समिति केरबना के दो किसानों पंचमलाल और जुगरेन्द्र झल्लू का आवेदन भरकर ह्यमुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजनाह्व की शुरूआत की दी थी, जिसके अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंको से संबद्ध प्रदेश की लगभग साढ़े चार हजार प्राथमिक कृषि साख समितियों में दो लाख रुपये तक के फसल ऋण वाले डिफाल्टर किसानों का ब्याज माफ करने के लिए आवेदन भरने का कार्य शुरू किया गया था।

मध्य प्रदेश में कर्जमाफी या ब्याजमाफी जैसी स्थितियां न बनें, इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जोर रहा है। कर्जमाफी जैसे योजनाएं किसानों के स्वाभिमान के अनुकूल भी नहीं है। किसान तो अपने पुरुषार्थ से देश-प्रदेश का पोषण करता है। प्रदेश के किसानों की अपेक्षा यही रही है कि सरकार ऐसी नीतियां बनाए कि उसे उचित मूल्य पर खाद-बीज और कृषि उपकरण मिलें। कृषि कार्य के लिए बैंक से उचित दर पर लोन मिल जाए। सबसे महत्वपूर्ण उसकी उपज का ठीक मूल्य उसे प्राप्त हो। यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पहले कार्यकाल से इसी बात पर जोर दिया कि किसान के स्वाभिमान को बढ़ाने एवं उसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या पहल की जाए?

मध्य प्रदेश में कैसे किसानों के हित में सरकार काम कर रही है, इस बात को आसानी से और तर्कसंगत ढंग से समझना है, तो हमें लगभग 20 साल पीछे पलट कर देखना चाहिए। आज से लगभग 20 साल पीछे जाएं तब हम जान पाएंगे कि आखिर क्यों प्रदेश बदहाली के दौर से गुजर रहा था? उस वक्त प्रदेश में खेती के लिए न तो बिजली थी और न ही सिंचाई सुविधा। उत्पादन और लागत में बड़ा अंतर था। खेतों के लिए खाद और बीज भी किसान को उपलब्ध नहीं था। किसानों को लगभग 16 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिल पाता था। किसान ऋण लेने के बाद उसके ब्याज के बोझ से दब जाता था। शिवराज सरकार ने सबसे पहले इस व्यवस्था को बदला, आज प्रदेश के किसान को शून्य ब्याज दर पर कृषि ऋण मिलता है। किसान क्रेडिट कार्ड ने किसानों को कर्ज उपलब्ध कराने में एक क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है।

शिवराज सरकार के प्रयासों से प्रदेश सिंचाई का रकबा भी विगत वर्षों में बढ़ा है। प्रदेश में वर्ष 2003 में जहां सिर्फ सात लाख हेक्टेयर के आसपास सिंचित भूमि थी। शिवराज सरकार के प्रयासों से अब यह 45 लाख हेक्टेयर से अधिक है। इसे 2025 तक 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। नहरों के फैलते जाल से आने वाले वर्षों में मध्य प्रदेश में 65 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता देखने को मिलेगी। किसान-कल्याण महाकुंभ में लोकार्पित मोहनपुरा-कुंडालिया प्रेशराइज्ड पाइप सिंचाई प्रणाली को सरकार के इसी संकल्प के अंतर्गत देखना चाहिए। लगभग 8500 करोड़ की लागत की यह देश की पहली वृहद प्रेशराइज्ड पाइस सिंचाई परियोजना है। इसके अतिरिक्त भी प्रदेश में नर्मदा कछार की 24 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 5 लाख 50 हजार हेक्टेयर से अधिक की सिंचाई क्षमता वाली 12 परियोजनाओं के निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ हो गई हैं। प्रदेश सरकार के आंकड़ों के अनुसार, जल संसाधन विभाग द्वारा निमार्णाधीन 475 सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से 28 लाख हेक्टेयर से अधिक की सिंचाई क्षमता विकसित की जा रही है। इन सब प्रयासों के अतिरिक्त भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में निरंतर सराहनीय प्रयास किए हैं। इसके बावजूद कहना होगा कि अभी भी किसानों की स्थिति सुधारने के लिए बहुत काम किए जाने बाकी हैं। उत्साहजनक बात यह है कि इस दिशा में सरकार प्रयासरत भी है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कहते हैं कि अन्नदाताओं की कठिनाइयों को दूर करके उनके जीवन में समृद्धि और खुशहाली लाना ही मेरे जीवन का ध्येय है। मुख्यमंत्री का यह विचार किसानों के प्रति उनकी संवेदनाओं को भली प्रकार प्रकट करता है। यह ध्येय ही है जिसने मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही किसानों की खुशहाली के लिए नीति बनाने के लिए शिवराज सिंह चौहान को प्रेरित किया। वह पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने का विचार दिया और उस पर नीतिगत प्रस्ताव बनाने की पहल भी प्रारंभ की। उनके इस प्रयास को वर्ष 2014 में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आगे बढ़ाया है। किसान पुत्र होने की छवि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विशिष्टता है। उनकी यह छवि राजनीतिक या गढ़ी हुई नहीं है अपितु वास्तविक है।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# मुफ्तखोरी के जाल में फंसते मतदाता

मुफ्त बिजली और सरकारी बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा के वादे ने कांग्रेस को कर्नाटक की सत्ता तक पहुंचा दिया, लेकिन मुफ्तखोरी के साइड इफेक्ट से कर्नाटक अभी से दो-चार होने लगा है। कुछ दिन पहले तक बिजली बिल वसूलने पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों को बिल की राशि अदा करने और सरकारी बसों में महिलाओं द्वारा टिकट लेने से इन्कार की घटनाएं कर्नाटक में रोजाना की बात हो गई थीं। मुफ्त मिलने की आस में वोटों से कांग्रेस को मालामाल करने वाली जनता को चूंकि वैधानिक तौर पर अभी कुछ हासिल नहीं हो पा रहा है, ऐसे में रोष बढ़ना स्वाभाविक है। शुक्र है कि अभी बेरोजगारों ने ऐसी हिम्मत नहीं दिखाई है, जिन्हें तीन और डेढ़ हजार मासिक देने का वादा किया गया है। अव्वल तो कर्नाटक से सीख लेने की जरूरत थी, लेकिन राजनीतिक दल किसी घटना से भला कहां सीख लेते हैं? वे घटनाओं की अपने ढंग से व्याख्या करते हैं। चित भी मेरी, पट भी मेरी...कहावत चरितार्थ करने में राजनीतिक दल माहिर होते हैं। इस साल के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इन राज्यों में भी कांग्रेस ने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर मुफ्त देने के वादों से मतदाताओं की झोली भर दी है। राजस्थान में पांच साल तक मुफ्त बिजली देने की चाहत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को नहीं हुई। गर्मी में राज्य की बिजली आपूर्ति लचर हो गई है, लेकिन इसे सुधारने के बजाय उपभोक्ताओं को सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा करने लगे हैं। मध्य प्रदेश में भी एक बार फिर सत्ता संभालने का सपना पाले कमल नाथ पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर देने, नारी सम्मान योजना के तहत हर महिला को डेढ़ हजार रुपये मासिक और हर घर को सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा कर चुके हैं। वोट के बदले मुफ्त के वादे की शुरूआत करने का श्रेय आम आदमी पार्टी को जाता है। उसने पहले दिल्ली और बाद में पंजाब के विधानसभा चुनावों में ऐसा किया और जीत दर्ज की। दिल्ली नगर राज्य है। यहां की स्थिति को देखते हुए तो इस योजना को लागू करने में आम आदमी पार्टी को खास दिक्कत नहीं आई, लेकिन पंजाब में उसकी सरकार की सांसें फूलने लगी हैं। अब उसने पेट्रोल-डीजल को महंगा कर दिया है। पंजाब राज्य परिवहन निगम को महिलाओं को मुफ्त यात्रा कराने के बदले सरकार से बतौर मदद रकम मिलनी बंद हो गई है। निगम का सरकार पर करीब 170 करोड़ रुपये बकाया हो गया है। इसकी वजह से परिवहन निगम हांफने लगा है। वहीं पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा राजस्थान भी कर चुका है, जबकि हिमाचल इसी वादे पर कांग्रेस के साथ आया, लेकिन आर्थिक कमियों की वजह से दोनों ही राज्यों में यह योजना अब तक लागू नहीं हो सकी है। ऐसा नहीं कि भाजपा इस दौड़ में पीछे है। चूंकि उसे भी वोट चाहिए, इसलिए वह भी हरसंभव तरह से मुफ्तखोरी के वादे कर रही है। बीते दिनों मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की शुरूआत की। इसके तहत राज्य में 23 से 60 साल तक की उन महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये मिलेंगे, जिनके परिवार की जोतभूमि पांच एकड़ से कम और सालाना आमदनी ढाई लाख रुपये से कम है। पिछले आम चुनाव के पहले केंद्र की ओर से लागू किसान सम्मान निधि योजना को भी विपक्षी दलों ने मुफ्तवाद का ही विस्तार माना था। अस्सी करोड़ लोगों को दिए जा रहे मुफ्त राशन को भी इसी श्रेणी में रखा जा रहा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 38 और 39 विशेष रूप से राज्य को लोककल्याणकारी भूमिका निभाने की व्यवस्था देते हैं। इन अनुच्छेदों के दायरे में देखें तो मुफ्त में सहूलियतें देने की राज्यवार योजनाएं या राजनीतिक वादे भी लोककल्याणकारी राज्य के ही दायरे में आएंगे, लेकिन सवाल यह है कि क्या मुफ्त में दी जा रही इन सुविधाओं को लंबे वक्त तक लागू रखा जा सकता है? क्या इससे राज्यों पर आर्थिक दबाव नहीं बढ़ेगा? भारत का शायद ही कोई राज्य है, जो कर्ज के पहाड़ के नीचे न खड़ा हो, लेकिन सत्ता हासिल करने की दौड़ में राजनीतिक दल इस पहाड़ के दबाव को कम से कम वोटरों की अदालत में झुठला रहे हैं। मुफ्त के वादों के चक्कर में वोटर आ रहा है, यह जानते हुए भी कि अंततः ऐसे वादे उसके राज्य की आर्थिक सेहत को खराब ही करेंगे, जिसका असर उसकी आर्थिक स्थिति पर भी पड़ेगा। चूंकि यह असर परोक्ष होता है, जबकि मुफ्तखोरी से प्रत्यक्ष फायदा होता है, इसलिए मुफ्त के वादे के खुशनुमा जाल में लोग फंस जाते हैं। तुम मुझे खून दो, मैं तुझे आजादी दूंगा के नारे में बलिदान था, खुद को होम कर देने का भाव था। जबकि मुफ्त के वादे में हासिल करने का भाव है। इसमें दोनों हासिल करते हैं, राजनीतिक दल भी और वोटर भी, लेकिन समग्रता में अंततः दोनों का ही नुकसान होता है। इस तथ्य को सभी दल जानते हैं, लेकिन उन्हें इसकी परवाह नहीं है। चूंकि आज राजनीति का मकसद सत्ता प्राप्त करना ही हो गया है, इसलिए हर राजनीतिक दल इसी चाहत में राज्य के साथ ही भविष्य की बलि देता जा रहा है। चूंकि कांग्रेस लगातार ऐसे वादे कर रही है। ऐसे में उसके मुकाबले वाले दूसरे दल क्यों पीछे रहेंगे? देश की आर्थिक सेहत के लिए इस मुफ्त के वादे की सीमा को निर्धारित करना ही होगा। अन्यथा दीर्घकाल में इसके परिणाम बहुत घातक होंगे। इस मामले में अब निगाहें चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट पर हैं। इसे लेकर संवैधानिक संस्थाओं को कदम उठाने होंगे। सत्ता के खेल में जुटे राजनीतिक दल तो इस पर गंभीरता से विचार करने से रहे।

## Social Media Corner

सच के हक में...



खुशी है कि भारत द्वारा चलाए जा रहे शहीद शांति सैनिकों के लिए एक नई स्मारक दीवार स्थापित करने का संकल्प संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपनाया गया है। संकल्प को रिकॉर्ड 190 सह-प्रायोजन प्राप्त हुए। सभी के समर्थन के लिए आभारी हूं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



तीन वर्ष पूर्व गलवान घाटी के संघर्ष में अदम्य साहस और वीरता के साथ लड़ते हुए शहीद होने वाले देश के अमर वीर जवानों की शहादत को शत-शत नमन।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



प्रधानमंत्री के नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में कार्यान्वितप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना स्वस्थ और सेहतमंद भारत की नींव है। इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा किसी संजीवनी से कम नही है। मोदी जी के संकल्पित प्रयासों का ही नतीजा है कि देश में 23 करोड़ से अधिक परिवारों के पास आयुष्मान भारत की बीमा सुरक्षा है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# समझने की जरूरत है 'ऑनलाइन' धर्मांतरण का 'गेम'

ऑनलाइन गेमिंग ऐप वैसे तो कई प्रकार से समाज के लिए नुकसानदेह है किन्तु कट्टरपंथी इस्लामिक तत्वों द्वारा इनका प्रयोग धर्मांतरण के लिए किया जाना एक बड़े दुश्चक्र के रूप में सामने आया है। इसका खुलासा विस्मय करने वाला है। पुलिस के हत्थे चढ़े मुख्य आरोपित शहनवाज खान उर्फ बद्दो के साथ तौफीक और आर्यन खान से पूछताछ हो रही है। यह पूरा गिरोह है। इसका खुलासा करने में गाजियाबाद जिले के पुलिस अधिकारियों की भूमिका सराहनीय है। इस गिरोह ने गाजियाबाद के राजनगर के एक किशोर को इस गेम की आड़ में मस्जिद में नमाज पढ़ने तक के लिए मजबूर कर दिया। उसे यह घुट्टी पिलाई गई कि इस्लाम दुनिया का सबसे बेहतर धर्म है। इस किशोर ने दो साल पहले बद्दो से कंप्यूटर के कुछ पार्ट खरीदे थे। इस इंटर पास छात्र के ऑनलाइन गेमिंग ऐप से धर्मांतरण के मामले में पुलिस ने जामा मस्जिद कमेटी के सदस्य अब्दुल रहमान उर्फ नन्नी को भी दबोचा है। इस छात्र के अलावा दो किशोर और एक युवक का मतांतरण कराने के साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस ने अब्दुल रहमान को मतांतरण कराने का आरोपी बनाया है क्योंकि चारों मतांतरित नियमित रूप से नमाज पढ़ने जाते थे। इमाम का कहना है कि रहमान को दो माह पूर्व ही मस्जिद कमेटी से बाहर किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी निपुण अग्रवाल का कहना है कि छात्र के मोबाइल से मिले सात नंबरों में से एक नंबर अब्दुल का था। छात्र अब्दुल से करीब सात-आठ माह पूर्व जामा मस्जिद में ही मिला था। अब्दुल ने उसे इस्लामिक सामग्री भेजी। उस पर नमाज पढ़ने का दबाव बनाया। दरअसल यह गिरोह ऑनलाइन गेम के दौरान कहते थे कि आयत पढ़ोगे तो लगातार जीत मिलेगी। और किशोर मन इनकी बातों में आकर ऐसा करने लगते थे।खास बात यह है कि इस गिरोह के लोगों की आईडी हिंदुओं के नाम पर हैं, जिससे कोई उन पर संदेह न करे। गिरोह के तार विदेशों से भी जुड़े हैं। प्रयागराज में भी गेमिंग ऐप के माध्यम से एक ब्राह्मण परिवार के 17 वर्षीय सदस्य के दिमाग में जहर घोल दिया गया। इसके बाद इस लड़के ने पूजा- पाठ बंद कर दी। मजार पर जाकर वहां उर्दू में लिखी इबारत को पढ़कर चूमने लगा। अपना जनेऊ तोड़कर फेंक दिया। जालीदार टोपी पहनने लगा और कव्वाली सुनने लगा। काल्विन अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. ईशान्या राजा ने कहा है कि मां- बेटे से बात करने पर यह बात स्पष्ट हो गई है कि और भी किशोरों का धर्मांतरण मोबाइल गेम की आड़ में कराया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि अब तक की जांच में पांच राज्यों के युवकों का धर्मांतरण कराने की मिली है। बद्दो के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल से पता चला है कि पिछले एक साल में उसके संपर्क में 100 से ज्यादा युवक आए। उसके बैंक से जानकारी मिली है कि उसके खाते में हर महीने लाखों रुपये जमा कराये जा रहे थे। यह रकम गुजरात, महाराष्ट्र, यूपी, दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में जमा कराई गई। जांच एजेंसियों को पाकिस्तान कनेक्शन के भी कुछ सुराग मिले हैं। दावा तो यह तक किया गया है कि बद्दो का गिरोह महाराष्ट्र के ठाणे में 400 और गुजरात में भी लगभग 400 लोगों का धर्मांतरण करवा चुका है। यह संतोष की बात है कि उत्तर प्रदेश में धर्मांतरण विरोधी कड़ा कानून लागू है। धर्मांतरण के आरोपित पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून व गैंगस्टर लगाने जैसे कदम उठाने का भी प्रावधान है। साथ ही संपत्ति भी जब्त करने का प्रावधान है। इस सबसे साफ है कि अब बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है। ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर चल रहे इस खेल से यह जरूरी हो गया है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



– इस प्रचंड गर्मी में सबसे ज्यादा बच्चों पर ध्यान देने की जरूरत है। पूरे राज्य में मौसम के लगातार बदल रहे तेवर ने आमजनों की जहां परेशानी बढ़ा दी है वहीं जिला प्रशासन और स्कूल प्रबंधनों ने छोटे छोटे बच्चों को राहत दी है। राजधानी में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह रहा है। ऐसे में गर्मी को देखते हुए प्रशासन की ओर से छोटे बच्चों के लिए स्कूल फिलहाल बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। प्रशसन के आदेश को दरकिनार कर शहर के कई स्कूल गुरुवार से खोल दिए गए। गर्मी के बीच छोटे छोटे बच्चों को स्कूल बुलाया गया है। यहां तक कि कई प्ले स्कूल को भी खोल दिए गए हैं जिसमें जानेवाले छोटे-छोटे बच्चे गर्मी में कुम्हला रहे हैं। बच्चों के बीमार होने की आशंका है। सभी स्कूलों को 17 जून तक बंद रखने का आदेश जारी कर दिया गया है। आठवीं कक्षा से ऊपर के स्कूलों में पढ़ाई जारी रखने का आदेश जारी किया गया है। लेकिन जिला प्रशासन के आदेश की धज्जियां उड़ रही हैं। बताया जा रहा है कि राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं हीटवेव को ध्यान में रखते हुए सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में छुट्टी रहेगी। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए सूचित किया जाएगा। सरकार ने स्कूल बंद कर अच्छा काम किया है। कुछ ऐसे स्कूल हैं जिन्हें बच्चों से ज्यादा अपने रिजल्ट की चिंता है। ऐसे में आदेश को सख्ती से पालन करवाने की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

**मो फुरकान, केंद्रीय उपाध्यक्ष आमया संगठन।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# ड्रापआउट बच्चों को SCHOOL से जोड़ने को 16 जून से 15 जुलाई तक चलेगा अभियान

## राज्य के 53247 बच्चों को स्कूल से जोड़ा जाएगा, इसमें पूर्वी सिंहभूम जिले के 5440 बच्चे शामिल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** राज्य में स्कूल से ड्रॉपआउट बच्चों को फिर से पढ़ाई से जोड़ा जाएगा। राज्य में अभी 53247 ऐसे बच्चे हैं। इनका नामांकन 16 जून से 15 जुलाई तक बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत होगा। स्कूल में उनका ठहराव भी सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के तहत प्राइमरी स्कूल की निकटतम मिडिल स्कूल और मिडिल स्कूल की हाई स्कूल से मैपिंग का काम होगा। इसके बाद कक्षा पांच से छह, कक्षा आठ से नौ और कक्षा 10 से 11 में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना है। इसकी जानकारी ई विद्या वाहिनी पोर्टल पर भी दी जाएगी। जल्द ही उपायुक्त की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधि, सभी विभाग के जिला स्तरीय पदाधिकारी से बैठक कर ड्राप आउट बच्चों के नामांकन पर चर्चा करेंगे। अभियान में सरस्वती वाहिनी संचालन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए प्रधानाध्यापक व विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ मिलकर बाल पंजी को अपडेट किया जाएगा। माता समिति के सदस्य टोले-मुहल्ले में माताओं से संपर्क करेंगे और समझाएंगे।

### 6-18 साल के सभी बच्चों का पढ़ना जरूरी : शिक्षा सचिव

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के. रवि कुमार ने बताया कि समग्र शिक्षा के तहत 6-18 वर्ष के सभी बच्चों की स्कूली शिक्षा पूरी करनी है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सभी आउट ऑफ स्कूल बच्चों का नामांकन करवाना विभाग का मुख्य उद्देश्य है। इसी को ध्यान में



रखते हुए 16 से कैंपेन चलेगा।

**हेडमास्टर बच्चों के ठहराव के लिए माता-पिता से करेंगे संपर्क :** 53 हजार ड्रॉपआउट बच्चे फिर से पढ़ेंगे, 16 जून से शिक्षा विभाग शुरू करेगा बैक टू स्कूल अभियान सबसे अधिक गढ़वा के 8939 बच्चे, गुमला के 6792, पाकुड़ के 6075 और बोकारो के 1691 बच्चे भी स्कूल से दूर स्कूल में बच्चों के ठहराव के लिए उसके माता-पिता से संपर्क किया जाएगा। प्राइमरी के प्रधानाध्यापक निकटतम मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक से संपर्क कर कक्षा पांच उत्तीर्ण बच्चों की सूची प्रदान करेंगे।

मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक निकटतम हाई विद्यालय के प्रधानाध्यापक से संपर्क कर कक्षा आठ में उत्तीर्ण बच्चों की सूची देंगे, ताकि उनका नामांकन कक्षा नौ में हो जाए। हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक प्लस टू हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक से संपर्क कर उन्हें मैट्रिक पास बच्चों की सूची देकर नामांकन करवाना सुनिश्चित करेंगे।

**12 जिलों में ड्रॉपआउट दर 10 प्रतिशत से अधिक :** झारखंड शिक्षा परियोजना की रिपोर्ट के अनुसार 12 जिले ऐसे हैं जहां हाई स्कूल स्तर पर बच्चों का ड्रॉपआउट रेट 10% से अधिक है। ये जिले गढ़वा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, साहिबगंज, पश्चिम सिंहभूम, लोहरदगा, गिरिडीह, पाकुड़, चतरा, देवघर और दुमका हैं। इनमें सबसे आगे गढ़वा है जहां के 23 फीसदी बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं। 12 जिलों में 7 ऐसे हैं जहां यह आंकड़ा 15 प्रतिशात है।

**जिले में ड्रॉपआउट बच्चे**

| | |
|---|---|
| बोकारो | 1691 |
| चतरा | 186 |
| देवघर | 728 |
| धनबाद | 1647 |
| दुमका | 1847 |
| गढ़वा | 8939 |
| गिरिडीह | 784 |
| गोड्डा | 5558 |
| गुमला | 6762 |
| हजारीबाग | 207 |
| जामताड़ा | 1242 |
| खूंटी | 416 |
| कोडरमा | 2559 |
| लातेहार | 777 |
| लोहरदग्गा | 219 |
| पाकुड़ | 6075 |
| पलाम | 534 |
| प.सिंहभूम | 1122 |
| पू.सिंहभूम | 5440 |
| रामगढ़ | 267 |
| रांची | 1873 |
| साहेबगंज | 3188 |
| सरायकेला | 930 |
| सिमडेगा | 254 |

# आदिवासी सेंगेल अभियान ने करनडीह में किया सड़क जाम




**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** सरना धर्म को मान्यता देने की मांग को लेकर आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से गुरुवार को करनडीह में सड़क जाम किया गया। संगठन अपनी मांग को लेकर भारत बंद का आह्वान किया है। अभियान से जुड़े दर्जनों कार्यकर्ता बैनर पोस्टर के साथ सड़कों पर उतर आए। बीच सड़क पर प्रदर्शन किया। इस कारण सड़क पर यातायात बाधित हो गया। अभियान लंबे समय से अलग सरना धर्म की मान्यता देने की मांग कर रहा है। झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी आदिवासियों के हक और अधिकार को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। इसको लेकर आज संगठन की ओर से भारत बंद का आह्वान किया गया। जगह जगह संगठन की ओर से प्रदर्शन किए जा रहे हैं। आगामी 30 जून को इस मुद्दे को लेकर कोलकाता में विशाल रैली ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित की गई है। सेंगेल अभियान के मुखिया सालखन मुर्मू की तरफ से इस सभा के लिए पूरी तैयारी की गई है।

# सिदगोड़ा में पत्नी ने पति को मारा चाकू

## कहा-शारीरिक संबंध बनाने का दे रहा था दबाव

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में भुईयांडीह ग्वाला बस्ती निवासी ज्योति कौर ने गुरुवार दोपहर अपने पति बिट्टू सिंह को चाकू मार कर घायल कर दिया। इस घटना में ज्योति कौर भी जख्मी हुई है। एक घंटे चले झगड़े के बाद ज्योति की बहन मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। घरवालों ने बिट्टू को भी इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया है। यहां दोनों पक्ष अस्पताल में फिर से झगड़ गए। दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। मामला संबंध बनाने को लेकर था। जहां



एमजीएम में इलाजरत घायल • फोटोन न्यूज

पत्नी पति को संबंध बना नहीं दे रही थी।

ज्योति ने बताया कि अक्टूबर 2021 में उसकी शादी बिट्टू से हुई थी। वह पहले से शादी शुदा थी और बिट्टू भी शादीशुदा था। दोनों ने तलाक लेकर शादी की थी। शादी के बाद से ही बिट्टू शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव देता था। जहां शुरू से ही पत्नी उसका विरोध करती थी। वहीं ज्योति ने बताया कि शारीरिक संबंध नहीं बनाने पर पति उसके साथ मारपीट भी करता था। इन्हीं सब बातों से परेशान हो कर वह रविवार को वह बागबेड़ा अपने घर चली गयी थी। बुधवार को महिला थाने में शिकायत की थी। समझौता होने के बाद वह वापस ससुराल लौट आई। गुरुवार दोपहर पति बिट्टू जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने लगा।

# मैट्रिक के टॉप 10 विद्यार्थियों को स्कूल में किया गया सम्मानित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** गुड़ाबांदा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गुड़ाबांदा में गुरुवार को प्रमुख शुभोजित मुंडा और मुखिया सुमित्रा बास्के की उपस्थिति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के 10 टॉपर्स विद्यार्थियों को मेडल ओर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्कूल के टॉपर सुमन मालिक, बुद्धेश्वर मुंडा, मौमिता दासगुप्त, विकास महतो, अर्चना महतो, जयंत बेरा, विष्णु मुर्मू, स्वीटी साव, सरस्वती मुंडा और दिशा साव को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

विदित हो कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय गुड़ाबांदा का रिजल्ट इस



वर्ष शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के आठ विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया है। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख शुभोजित मुंडा, गुड़ाबांदा पंचायत की मुखिया सुमित्रा बास्के, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुरुचरण मुंडा, प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार हांसदा, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, समिति के सदस्य और विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# CHAKULIA में डॉक्टर गोस्वामी के जन संपर्क कार्यालय का उद्घाटन



जन संपर्क कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे दिनेशानंद गोस्वामी व अन्य • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAKULIA:** चाकुलिया नगर पंचायत के पुराना बाजार में गुरुवार को भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद समीर उरांव ने डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के जन संपर्क कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पद्मश्री जमुना टुडू, भाजपा के जिला अध्यक्ष सौरव चक्रवर्ती, रंजीत कुमार बाला बहरागोड़ा के मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर, शंभूनाथ मल्लिक साधन मल्लिक, दिलीप महतो समेत भाजपा के अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शहर में शाम को बदला मौसम, चली तेज हवा कई पेड़ गिरे, कई घरों के टीन भी उड़ गए





तेज हवा व आंधी से गिरे पेड़ • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** शहर में गुरूवार को मौसम का अलग अलग रंग देखने को मिला दोपहर तक तेज धूप व उसम भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे और अधिक पारा 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दोपहर बाद मौसम में बदलाव देखने को मिली और तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई।

इस दौरान आदित्यपुर, बिष्टुपुर, बागबेड़ा जुगसलाई, खासमहल, परसुडीह आदि क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई।यहां हवा की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। इसकी वजह से संबंधित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पेड़ टूट कर गिर गए।

एलबीएसएम कॉलेज में करीब दो दर्जन से अधिक पेड़ गिर गए कॉलेज के मल्टीपर्पज भवन के ऊपर रखी गई पानी की 8 टंकियों के भी उड़ने की सूचना है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ एके झा ने बताया कि इस आंधी की वजह से कॉलेज में लाखों का नुकसान हुआ है।

इसके साथ ही खासमहल स्थित खाद्य निगम के गोदाम का टीन उड़ गया। हालांकि साकची, मानगो, सोनारी, कदमा, आदि क्षेत्रों में हवा की रफ्तार कम रही।

# बनबेड़ा टोला में लगा नया ट्रांसफार्मर, मिली राहत



गुड़ाबांधा में लगा ट्रांसफार्मर • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** गुड़ाबांदा प्रखंड के जियान टोला बनबेड़ा में खराब पड़े 25 केवी के ट्रांसफार्मर को बदल दिया गया। ट्रांसफार्मर लग जाने और बिजली आपूर्ति शुरू होने से ग्रामीणों काफी खुशी है। बता दें कि लगभग 15 दिन पूर्व जियान गांव के बनबेड़ा टोला का ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलने की मांग विद्युत विभाग से की थी। बुधवार शाम को ट्रांसफार्मर बदला गया।

गुरुवार को विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाने से बनबेड़ा टोला के ग्रामीणों को राहत मिली है।

## BRIEF NEWS

### मनीष कुमार ने 28 वें उप विकास आयुक्त के रूप में किया पदभार ग्रहण





**Jamshedpur:** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री मनीष कुमार ने पूर्वी सिंहभूम जिला के 28वें उप विकास आयुक्त के रूप में आज पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की विकास एवम कल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को जागरूक करना तथा योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकताओं में होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी के रूप में समाज के आखिरी पायदान के व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने की जिम्मेवारी होती है, जिले की उपायुक्त के मार्गदर्शन में तथा पूरी टीम के सहयोग से निष्ठापूर्वक इस जिम्मेवारी के निर्वहन का प्रयास होगा, साथ ही कार्यालय में कैपेसिटी बिल्डिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा जिससे सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की पूरी क्षमता का बेहतर उपयोग हो सके। इससे पूर्व कोडरमा अनुमंडलाधिकारी तथा ऊर्जा विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्य कर चुके हैं। पदभार ग्रहण के पश्चात उप विकास आयुक्त ने जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान कर रक्तदान महादान का संदेश दिया।

### HIV/AIDS पीड़ितों के लिए एमजीएम अस्पताल में 19 एवं 21 जून को लगेगा एक दिवसीय पेंशन शिविर

**Jamshedpur:** HIV / AIDS से पीड़ित व्यक्ति जिन्हें इलाज हेतु सहायतार्थ किसी तरह की कोई पेंशन नहीं मिलती है, के लिये दिनांक- 19/06/2023 एवं 21/06/2023 को एमजीएम अस्पताल परिसर के आर्ट सेंटर में प्रातः 11:00 बजे से HIV/AIDS पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। अपील है कि निम्नांकित दस्तावेजों के साथ ससमय उक्त शिविर में उपस्थित होकर HIV/AIDS पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना हेतु आवेदन कर शिविर का लाभ ले सकते हैं- आवश्यक दस्तावेजों की सूची- 1. ग्रीन बुक की छायाप्रति। 2. आधार कार्ड की छायाप्रति। 3. बैंक पासबुक की छायाप्रति। 4. एक पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।

## खबरें ओडिशा की

### इस्पात ऑटोनॉमस कॉलेज के सीनियर फैकल्टी को लेकर बढ़ा विवाद




**Rourkela :** इस्पात ऑटोनॉमस कॉलेज के फिजिक्स के सीनियर लेक्चरर प्रसन्ना भोई को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां कुछ पुराने छात्र श्री भोई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं कुछ पुराने छात्र उनके पक्ष में उतर आए हैं। अब पुराने छात्रों के दो गुटों में भिड़ंत हो गई है। विडंबना यह है कि प्रोफेसर श्री भोई इस मुद्दे पर खुलकर नहीं बोल रहे हैं। उन पर अवैध रूप से निजी ट्यूशन देने और कॉलेज के धन की हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया है। अब विरोधी गुटों ने फिर से बैठक कर ठोस कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, विवाद की शुरूआत 28 मई को हुई थी। उसी दिन पूर्व छात्र राघवेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में कुछ पुराने छात्रों ने भुवनेश्वर में उच्च शिक्षा मंत्री के आवास के सामने उक्त मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था।

### नहीं रहे सुप्रसिद्ध हिंदी कवि श्याम सोमाणी



**Rourkela :** ओडिशा के सुप्रसिद्ध हिंदी कवि,गायक व समाजसेवी श्याम सोमाणी का गुरुवार को राउरकेला में स्वर्गवास होगय. वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे. उनके निधन पर शहर के विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनो के लोगों ने शोक प्रकट कियो उनकी हिंदी की रचनाएँ एक से बढ़कर एक है. उनका निधन गुरुवार की सुबह उनके निजी आवास सिविल टाउनशिप के डबल सी 7 में हुओ अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से निकाली गई.उनके अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य लोग शामिल हुऐ जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग और राउरकेला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी शामिल हुऐ उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार शहर के वेदव्यास घाट पर हुओ इस अवसर पर उनके पुत्र संजय सोमानी ने मुखाग्नि दी. इस अवसर पर चेंबर के सुनील कयाल प्रभात टेकरीवाल ने कहा कि श्याम सोमाणी के रूप में राज्य ने एक अनमोल रत्न खो दिया.उनका निधन पूरे राज्य की बहुत बड़ी छति है, इसकी भरपाई करना आसान नहीं है.वे कवि के साथ उम्दा गायक व सामाजिक सेवक थी.समाज के हर काम में बढ़चढ़ भाग लेते थे.

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**Rourkela :** जलदा पुलिस चौकी अंतर्गत पुराना जलदा स्थित नवाटोली के रहने वाले सबरजीत प्रधान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसका शव घर के पास स्थित एक नीम के पेड़ में झूलता हुआ पाया गया है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। घरवालों की सूचना पर पुलिस ने एक अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

### निर्मला चैरिटेबल एजुकेशन ट्रस्ट का उद्घाटन



**राउरकेला :** निर्मला चैरिटेबल एजुकेशनल ट्रस्ट के उद्घाटन समारोह आज मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर एनआईटी राउरकेला के पूर्व निदेशक प्रोफेसर सुनील सारंगी उपस्थित थे। उन्होंने सभी स्तरों पर शिक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। निम्न प्राथमिक से लेकर शैक्षिक पिरामिड के शीर्ष यानी विश्वविद्यालय तक देश में शिक्षा के विकास के लिए संरचना को मजबूत करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, उन्होंने स्किलिंग या कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया।



# सोनाक्षी को ऑफर हुई थी परवीन बाबी की बायोपिक इस वजह से कर दिया इनकार

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा भले ही इस बात की कुबत न रखती हो कि अकेले अपने दम पर फिल्म हिट करा सके। लेकिन फिल्मों में इतने समय से काम कर चुकी सोनाक्षी सिन्हा को इस बात की इतनी समझ तो आ चुकी है कि, किस निर्देशक के साथ फिल्में करनी हैं और किसके साथ नहीं करनी है। अपनी इसी समझ और सोच के चलते कभी- कभी उन्हें ऐसी फिल्मों से भी हाथ धोना पड़ता है,जिसकी कहानी उन्हें मन मुताबिक तो मिल गई,लेकिन निर्देशक मन मुताबकि नहीं मिला। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने करियर पर नजर डाले तो अकीरा और नूर जैसी ही कुछ फिल्में थी, जिसमे सोनाक्षी सिन्हा खुद को साबित कर सकती थी कि बिना स्टारस्पोर्ट के वह दर्शकों को अकेला सिनेमा हाल तक खीच सकती हैं। लेकिन, इन फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर ऐसा हश्र हुआ कि निर्माताओं को लगने लगा कि सिर्फ सोनाक्षी सिन्हा को लेकर फिल्म बनाने में कोई समझदारी नहीं है। इसलिए सोनाक्षी सिन्हा के नाम पर दांव खेलने से निर्माता- निर्देशक बचने लगे। कुछ निर्माता - निर्देशक अगर सोनाक्षी सिन्हा के पास कोई स्क्रिप्ट लेकर पहुंचते हैं, तो सोनाक्षी सिन्हा की ऐसी डिमांड होती है कि वह लोग वापस लौट आते हैं। परवीन बाबी की बायोपिक बनाने वाले निर्माता वसीम खान ने पहले परवीन बाबी की भूमिका के लिए सोनाक्षी सिन्हा को अप्रोच किया था।सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी और फिल्म में काम करने के लिए तैयार हो गई। लेकिन मामला एक जगह आकर अटक गया। जब सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्म के निर्माता से पूछ लिया कि निर्देशक कौन है? मिली जानकारी के मुताबिक अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने जैसे ही सुना कि फिल्म को पंकज पराशर डायरेक्ट करने वाले हैं, तुरंत फिल्म में काम करने से इंकार कर दिया। सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्म के निर्माता वसीम खान को सलाह दी कि अगर वह निर्देशक बदल दे, तो वह फिल्म में काम काम कर सकती हैं। पंकज पराशर की जगह कोई भी निर्देशक हो, उन्हें इसका ऐतराज नहीं होगा। निर्माता वसीम खान को सोनाक्षी सिन्हा की यह शर्त मंजूर नहीं थी और उन्होंने सोनाक्षी सिन्हा की जगह उर्वशी रौतेला को परवीन बाबी की बायोपिक के लिए फाइनल कर लिया। इस बात का स्पष्ट रूप से अभी तक खुलासा नहीं हो पाया कि अभी भी फिल्म को पंकज पराशर ही निर्देशित करने वाले हैं या फिर कोई और। सूत्रों के मुताबिक, अब फिल्म के निर्माता भी फिल्म के निर्देशक के लिए किसी और नाम पर विचार कर रहे हैं,लेकिन अभी तक किसी के नाम पर सहमति नहीं बनी है। वहीं, अगर बात करें निर्देशक पंकज पराशर की तो वह नसीरुद्दीन शाह, रजनीकांत, सनी देयोल, श्रीदेवी, सलमान खान,माधुरी दीक्षित, अनिल कपूर,अक्षय कुमार जैसे कई सितारों के साथ काम कर चुके हैं।



# वेब सीरीज जी करदा को लेकर तमन्ना ने कही यह बात

प्राइम वीडियो ने हाल ही में बहुप्रतीक्षित सीरीज जी करदा का शानदार ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर ने पहले ही दर्शकों और फैंसको हैरान कर दिया है, क्योंकि इसमें सात दोस्तों की आकर्षक कहानी को नेविगेट करने की कोशिश की गई है जो अपने 30 में है और जीवन की उलझनों का सामना कर रहें है। इस सीरीज में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया, लावण्या की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने शो को लेकर अपनी उत्सुक्ता जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें शो के बारे में क्या अच्छा लगता है। तमन्ना भाटिया ने कहा, मैं जी करदा के किरदारों से गहराई से रिलेट कर सकती हूं, क्योंकि वे कॉलेज और स्कूल दोनों में आने वाले दवाब के साथ अपने 30 में चुनौतियों का सामना कर रहें है। उन्होंने कहा, यह 30 की उम्र है जब असल में एडल्टिंग आपको प्रभावित करती है। यह शो एडल्ट्स के परीक्षण और क्लेश से निपटने वाले लोगों के जीवन की एक झलक देता, यह दर्शाता है कि वे इसे कैसे नेविगेट करते हैं। मूल रूप में, जी करदा ड्रामा के टच के साथ जीवन के मजेदार पलों की कहानी है, जो हमारे जीवन का प्रतिबिंब पेश करता है। इस सीरीज में तमन्ना के साथ आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सायन बनर्जी और संवेदना सुवाल्का मुख्य किरदारों में हैं। इसके साथ ही सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर ने भी अहम भूमिका निभाई हैं।



# संघर्ष के दिनों को यादकर भावुक हुए संजय कपूर

बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर अपनी फिल्मों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहे हैं, लेकिन अभिनेता को फिल्म इंडस्ट्री में उतनी सफलता नहीं मिली, जो अनिल कपूर को मिली है। बाद में संजय ने फिल्मों को छोड़कर प्रोडक्शन का रुख किया। अभिनय में भले ही संजय औंधे मुंह गिरे हो, लेकिन प्रोडक्शन से उनकी किस्मत जरूर चमक गई है। अब हाल ही में, संजय ने अपने संघर्ष के दिनों को याद

वजह से उनका करियर पटरी पर आ सका है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में संजय ने अपने करियर के शुरुआती दिनों के कुछ किस्सों को साझा करते हुए बताया कि उनका शुरुआती करियर तो काफी अच्छा था। एक दो फिल्में भी चली थीं, लेकिन यह लोकप्रियता ज्यादा दिनों तक नहीं रह सकी। आगे चलकर संजय की फिल्मों ने अच्छा प्रदर्शन करना बंद कर दिया। हालांकि, इन सब के बाद भी अभिनेता ने हार नहीं मानी और अभिनय का रास्ता छोड़कर फिल्म निर्माण को बतौर अपना करियर चुना। संजय ने संघर्ष के दिनों को लेकर अपने

कई सारी फिल्में थीं। मैं जिन भी फिल्मों में काम करता था, वह नहीं चलती थी। इसके बाद मुझे लगा कि अब मुझे रुक जाना चाहिए और कोई भी ऐसी वैसी फिल्म साइन नहीं करनी चाहिए। इसके बाद मैंने फिल्म लाइन को पूरी तरह छोड़ दिया। मैं प्रोडक्शन में इसलिए आया क्योंकि मुझे भी अपने खाने-पीने के लिए काम करना था। बच्चों और बीवी को संभालने के लिए काम तो सबको करना पड़ता है।'

### आज अपने क्षेत्र में सफल हैं संजय

संजय ने आगे कहा, 'मुझे खुशी इस बात की है कि मैंने जो भी काम

दिया कि वह मुझपर तरस खाकर मुझे कोई काम दे। मैंने भले ही अपने करियर के साथ एक्सपेरिमेंट किया है, लेकिन मैंने जो भी काम किया है, उससे मुझे पूरी संतुष्टि मिली है और मैं आज अपने परिवार को भी चला पाने में सक्षम हूं।'

# अब सहाराश्री की बायोपिक निर्देशन की बागडोर सुदीप्तो सेन के हाथ



पिछले दिनों द केरला स्टोरी को निर्देशित करने वाले सुदीप्तो सेन ने कहा था कि वे निर्माता संदीप सिंह की अगली फिल्म को निर्देशित करने जा रहे हैं। संदीप सिंह अपनी फिल्मों के विषयों को लेकर काफी चर्चाओं में रहते हैं। उनके द्वारा निर्मित अलीगढ़ अपने समय में खासी चर्चाओं में रही थी। अब वे डॉक्टर जयंतीलाल गाडा के साथ मिलकर सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक सुब्रत रॉय के जीवन पर आधारित फिल्म का निर्माण करने जा रहे हैं, इसके निर्देशन की जिम्मेदारी सुदीप्तो सेन को सौंपी गई है। द केरला स्टोरी का निर्देशन करने के बाद, जो बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है, सुदीप्तो सेन एक और प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं। सहाराश्री नाम की आगामी फिल्म बिजनेस टाइकून और सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक सुब्रत रॉय के जीवन पर आधारित होगी। 10 जून को सुब्रत रॉय के जीवन के 75 साल पूरे होने पर, निर्माता संदीप सिंह और डॉ. जयंतीलाल गाडा ने सहाराश्री के लिए निर्देशक सुदीप्तो सेन के साथ हाथ मिलाया है। बायोपिक बिजनेस मैग्नेट सुब्रत रॉय के दिनों की एक मनोरंजक कहानी को उजागर करती है, जो अपेक्षाकृत अज्ञात इकाई के रूप में भारत के सबसे प्रभावशाली और गतिशील व्यक्ति के रूप में उभरती है, जिसके बारे में देश में हर कोई जानता था। सुब्रत रॉय की जीवन कहानी सिडनी शेल्डन उपन्यास की तरह पढ़ती है। निर्देशक ने कहा कि बायोपिक को फिल्माना किसी भी फिल्म निर्माता के लिए कभी भी आसान नहीं रहा है। उन्होंने कहा, बायोपिक का निर्देशन किसी भी फिल्म निर्माता के लिए हमेशा एक चुनौतीपूर्ण काम होता है। एक फिल्म के लिए एआर रहमान, गुलज़ार, संदीप सिंह और डॉ. जयंतीलाल गड़ा का एक साथ होना बहुत बड़ी बात है। अब, घोषणा के बीच, प्रशंसक अभी भी सोच रहे हैं कि सुब्रत रॉय की भूमिका कौन निभाएगा? शीर्ष सुपरस्टार्स पर विचार किया जा रहा है और जल्द ही एक नाम का खुलासा किया जाएगा। सब सहराश्री के बारे में लीजेंड स्टूडियोज और डॉ जयंतीलाल गाडा (पेन स्टूडियोज) द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म में संदीप सिंह एक रचनात्मक निर्माता के रूप में हैं। इसे सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित किया जाएगा, ऋषि विरमानी, सुदीप्तो सेन और संदीप सिंह द्वारा लिखित, एआर रहमान द्वारा संगीत और गुलजार द्वारा गीत के साथ। यह फिल्म अगले साल की शुरुआत में फ्लोर पर जाएगी और इसे बड़े पैमाने पर महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, कोलकाता और लंदन में शूट किया जाएगा।



# हॉलीवुड एक्टर विन डीजल को आई दीपिका की याद



बॉलीवुड की सबसे टैंलेटेड एक्ट्रेसेस में से एक दीपिका पादुकोण हॉलीवुड में भी काम कर चुकी हैं। इसी के चलते उनके हॉलीवुड फिल्म के को-एक्टर विन डीजल ने उनके लिए कुछ खास पोस्ट किया है, सीधा-सीधा कहा जाए तो विन डीजल, दीपिका को मिस कर रहें हैं। दीपिका ने 2017 में फिल्म ट्रिपल एक्स-द रिटर्न ऑफ जेंडर केज के साथ हॉलीवुड डेब्यू किया था। वो इस फिल्म में विन डीजल के साथ नजर आई थीं। वहीं अब विन डीजल ने दीपिका के साथ एक पिक्चर शेयर किया है, जो इसी फिल्म से जुड़ा है। इस पिक्चर के साथ विन ने दीपिका के लिए एक खास नोट भी लिखा है। विन के पोस्ट पर दीपिका ने भी रिप्लाई किया है। विन ने अपने इंस्टा अकाउंट पर लिखा, स्प्रीरिट मुझे आगे बढ़ाती है...दीपिका पादुकोण मेरे साथ काम करने वाले सबसे पसंदीदा लोगों में से एक है। वो मुझे भारत लेकर गई और ये मुझे बहुत पसंद आया। मैं वापिस आने का सोच रहे हूं, सारा प्यार, हमेशा। बता दें कि 'ट्रिपल एक्स' का प्रमोशन करने विन भारत आए थे उन्होंने उन्हीं लम्हों को याद कर ये पोस्ट शेयर किया है। विन ने इस पोस्ट में दीपिका पादुकोण को टैग किया है। जिसके रिप्लाई में दीपिका ने विन की ये पोस्ट अपनी इंस्टा स्टोरी में शेयर की है। जिसके कैप्शन में उन्होंने कई हार्ट इमोजी शेयर किए हैं।




# अजय देवगन के भतीजे के साथ बॉलीवुड डेब्यू करेंगी रवीना टंडन की बेटी राशा

बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में उन्हें मुंबई के रेस्टोरेंट के बाहर स्पॉट किया गया, जिसका एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में राशा व्हाइट- क्रॉप टॉप ब्लू डेनिम जीन्स में नजर आईं। राशा का ये लुक काफी कूल लग रहा है। इस दौरान उन्होंने पैपराजी को मुस्कुराते हुए पोज भी दिए। राशा थडानी ने हालही में मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से अपना ग्रेजुएशन पूरा किया है।

इस खुशी में रवीना ने आज अपने सोशल मीडिया पर राशा के ग्रेजुएशन सेरेमनी की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। बेटी के इस ग्रेजुएशन सेरेमनी में रवीना और उनके पति अनिल थडानी भी शामिल हुए थे। एक्ट्रेस ने फोटोज शेयर करते हुए इसे प्राउड मोमेंट बताया है। इसी के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा हैशटैग क्लास 2023। रवीना ने फोटोज के साथ कुछ वीडियो भी शेयर किए हैं। एक वीडियो में राशा अपने दोस्तों के साथ ब्लू कोट पहने हुए नजर आ रही हैं। तो वहीं, दूसरे वीडियो में राशा अपने दोस्तों के साथ नीता अंबानी के साथ पोज देती हुई दिखाई दीं। बता दें, ग्रेजुएशन पूरा होते ही राशा अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन के साथ बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर करेंगे। हाल ही में राशा और अमन को अभिषेक कपूर के साथ स्पॉट किया गया। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें तीनों पोज दे रहे हैं। इस फिल्म में राशा के साथ अजय देवगन और डायना पेंटी भी नजर आएंगे।

# कंगना ने ठुकराई धनुष की फिल्म



बॉलीवुड इंडस्ट्री की पंगा क्वीन यानी कंगना रणौत जल्द फिल्म इमरजेंसी के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने आ रही हैं। हालांकि, इसी बीच कंगना एक खबर को लेकर खूब सुर्खियों में रहीं। खबर थी कि एक्ट्रेस ने तमिल सुपरस्टार धनुष की फिल्म में काम करने से मना कर दिया, जिसका नाम अस्थायी रूप से डी 50 था। इस रिपोर्ट के वायरल होते ही कयासों का बाजार गर्म हो गया और लोग तरह-तरह के संभावित कारण देने लगे जिसकी वजह से कंगना ने फिल्म को ठुकराया हो। हालांकि, अब नई रिपोर्ट ने अटकलों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है। धनुष की फिल्म को ठुकराने की खबरों पर खुद कंगना रणौत ने प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी का सहारा लेते हुए एक खबर के स्क्रीनशॉट को साझा कर लिखा है, फेक न्यूज अलर्ट, ऐसी कोई फिल्म मुझे ऑफर नहीं की गई थी। कंगना ने आगे जोड़ा, धनुष मेरे फेवरेट हैं, मैं उन्हें कभी ना नहीं कर सकती। धनुष सन पिक्चर्स के बैनर तले अपनी 50वीं फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। इसी को लेकर एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि इसमें लीड रोल के लिए कंगना रणौत को अप्रोच किया गया था, लेकिन एक्ट्रेस ने इसे करने से मना कर दिया।